पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 313 । भोपाल, रविवार 12 नवम्बर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



### भाजपा ने जारी किया संकल्प पत्र : हर वर्ग के लिए किए लोकलुभावन वादे

# लाड़ली बहनों को पक्के मकान, प्रत्येक परिवार में एक व्यक्ति को रोजगार का वादा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए आज अपना घोषणापत्र (संकल्प पत्र) जारी किया। इसमें गरीबों, महिलाओं, किसानों, युवाओं और विद्यार्थियों के साथ ही अन्य वर्गों को ध्यान में रखकर लोकलुभावन वादे किए गए हैं। संकल्प पत्र का नाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चेहरा आगे रखकर मोदी की गारंटी, भाजपा का भरोसा, मध्यप्रदेश का संकल्प पत्र 2023 दिया गया है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज यहां यह संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री श्री मोदी का चेहरा सामने रखकर राज्य के मतदाताओं से वादे किए हैं।



संकल्प पत्र में लाडली बहनों को पक्के मकान, गरीब परिवार के छात्रों को केजी से 12वीं तक तो छात्राओं को पीजी तक मुफ्त शिक्षा देने का वादा किया गया है। हर परिवार में कम से कम एक व्यक्ति को रोजगार या स्वरोजगार देने, प्रधानमंत्री अन्न योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त राशन के साथ दाल, सरसों का तेज और चीनी रियायती दर पर देने, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी की तर्ज पर मध्यप्रदेश के हर संभाग में मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी खोलेंगे। इसी तरह हर संभाग में ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की तर्ज पर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस शुरू करेंगे। पार्टी ने वरिष्ठ जनों और दिव्यांग नागरिकों को 6 सौ से बढ़ाकर 15 सौ रु. मासिक पेंशन देने की बात कही है। जबकि सौ रु. में 100 यूनिट बिजली देंगे। संकल्प पत्र में सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के साथ नाश्ता भी दिए जाने की बात कही गई है। भोपाल-इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में भी पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने सहित कई वादे किए गए हैं।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने भी इस कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रहलाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, प्रदेश महामंत्री व सांसद सुश्री कविता पाटीदार उपस्थित थे। मंच का संचालन प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने किया

### संकल्प पत्र में प्रमुख वादे

- हर परिवार में कम से कम एक रोजगार या स्वरोजगार
- मुफ्त राशन के साथ दाल, सरसों का तेज और चीनी रियायती दर पर देंगे
- गेहूं 27 सौ रु., धान 31 सौ रु. प्रति क्विंटल पर खरीदेंगे
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर 4 हजार रु. प्रति बोरा दिया जाएगा
- मध्यान्ह भोजन के अलावा बच्चों को पौष्टिक नाश्ता भी उपलब्ध कराया जाएगा
- आयुष्मान योजना में इलाज पर 5 लाख रु. से ज्यादा खर्च होने पर प्रदेश सरकार खर्च उठाएगी
- हर लोकसभा में मेडिकल कॉलेज, 5 साल में 2 हजार सीटें और जोड़ेंगे
- बघेली, बुंदेली, गोंडी और भीली साहित्य अकादमियों की स्थापना
- भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का नया कैम्पस बनाएंगे
- जबलपुर और ग्वालियर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करेंगे

## प्रदेश में उत्पादन, आय और अवसर बढ़े : नड्डा

**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा का संकल्प पत्र जारी करने से पहले पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नड्डा ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को यह पता नहीं होगा कि 20 साल पहले मध्यप्रदेश किस स्थित में था और उसे वर्तमान स्थिति में लाने के लिए भाजपा की सरकार ने क्या किया है। इसलिए प्रदेश के मतदाताओं और विशेषकर युवाओं को यह बता देना चाहता हूं कि प्रदेश में इन 20 सालों में उत्पादन, आय और अवसर बढ़े हैं। उनहोंने बताया कि 2003 में प्रदेश की औद्योगिक विकास दर 0.61 प्रतिशत थी, जो आज 24 प्रतिशत पर पहुंच गई है। उन्होंने बताया कि अनाज उत्पादन 159 लाख मीट्रिक टन था, जो आज 4 गुना बढ़कर 619 लाख मीट्रिक टन हो गया है। उस समय प्रदेश में सिर्फ 7.68 लाख हेक्टेयर में सिंचाई होती थी, अब सिंचित रकबा 47 लाख हेक्टेयर है। बुंदेलखंड में एक राष्ट्रीय परियोजना के तौर पर केन-बेतवा लिंक परियोजना पर काम किया जा रहा है। श्री नड्डा ने कहा कि इस दीवाली पर रीवा में सबसे ज्यादा दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई है और इसकी वजह है किसानों की परचेसिंग पॉवर बढ़ना। ये इसलिए संभव हुआ क्योंकि हमने सिंचाई की सुविधाएं दीं, 16 प्रतिशत ब्याज पर मिलने वाले कृषि ऋण को 0 प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध कराया। 2003 में राज्य की कुल आय 71 594 करोड़ थी, जो आज 13, 20000 करोड़ हो गई है। 2003 में प्रति व्यक्ति आय 11718 रुपए थी, जो 2023 में 1,40000 है। प्रदेश का बजट 14 गुना बढ़ा है। जीएसडीपी 19 गुना बढ़ा है। 2003 में प्रदेश में 60000 किलोमीटर सड़कें थी, जो आज 5 लाख किलोमीटर हो चुकी हैं।

### जो नहीं कहा, वो भी किया

श्री नड्डा ने कहा कि हमने अपने वादों को तो पूरा किया ही है, वो काम भी किए हैं। मध्यप्रदेश मेडिकल की पढ़ाई हिंदी में शुरू कराने वाला देश का पहला राज्य है। 63 सौ करोड़ के बजट से सीएम राइज स्कूलों की स्थापना और विकास का काम किया जा रहा है। प्रदेश में भोपाल-इंदौर, भोपाल-बीना, जबलपुर-कटनी, सतना-सिंगरौली और मुरैना-ग्वालियर-शिवपुरी के बीच चार इन्वेस्टमेंट कॉरिडोर बन रहे हैं। लाडली लक्ष्मी योजना से बच्चियों की संख्या में बढोत्तरी हुई है। लाडली बहना योजना ने भी महिला सशक्तीकरण के काम को आगे बढ़ाया है। इन योजनाओं के बल पर मध्यप्रदेश में आज लिंगानुपात 956 बालिकाएं प्रति 1 हजार बालक हो गया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ प्रदेश सरकार भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत किसानों को 6 हजार रुपये प्रतिवर्ष दे रही है।




### शुभकामनाएं

देशबन्धु के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- संपादक**

### अवकाश सूचना

दीपावली के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 12 नवम्बर को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 14 नवम्बर को प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

### संसद के शीतकालीन सत्र की अधिसूचना जारी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद के शीतकालीन सत्र के चार दिसंबर से शुरू होने संबंधी अधिसूचना शुक्रवार को जारी की गयी जिसके अनुसार 19 दिन का यह सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा।

### मुख्यमंत्री ने आमला, बालाघाट और परासिया सहित 8 सभाओं को किया सम्बोधित, बोले-

# प्रदेश ने पहले टूटी सड़कों का दौर देखा, अब मेट्रो से सफर की तैयारी




**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि60 हजार किलोमीटर टूटी-फूटी सड़कों के दौर से आज हम मेट्रो रेल तक का सफर, टपरे वाली आईटीआई से ग्लोबल स्किल पार्क तक का सफर बहुत ही गौरवशाली है। आज हम फिर संकल्प लेते हैं कि, मध्यप्रदेश को देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक राज्य बनाकर ही हम चैन की सांस लेंगे। मध्यप्रदेश में शानदार सड़कों का जाल, बिजली का उत्पादन, फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट जैसी सुविधाएं दी है।

श्री चौहान ने शनिवार को भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आमला, भैंसदेही, मानपुर, केवलारी, बरघाट, छिंदवाड़ा, परासिया और सौंसर सहित 8 चुनावी सभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश कभी बीमारू और पिछड़ा राज्य कहलाता था आज उसे हमने विकसित मध्यप्रदेश बनाया हैं। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार की कई योजनाओं में मध्यप्रदेश नंबर 1 हैं। चाहे स्वच्छता हो, जल संरक्षण हो, पर्यावरण बचाना हो, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की गुणवत्ता हो, पीएम आवास हो, स्वामित्व योजना हो, पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना हो। कई योजना में मध्यप्रदेश नंबर 1 है और नंबर 1 का यह सफर निरंतर जारी रहेगा।' उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से बदली है। अगर 71 हजार करोड़ से 13 लाख करोड रुपए पार हुए हैं तो उसमें सबसे बड़ा योगदान, सिंचाई का है। किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के साथ मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत राशि दे रहें हैं। जनसभाओं में उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लिया और कहा कि कांग्रेसी आपस में ही भीड़ रहें हैं, यह कपड़ा फाड़ कांग्रेस हो गई है। छिंदवाड़ा और राघौगढ़ वाले अपने-अपने बेटों को स्थापित करने में जुटे हुए हैं। ये कांग्रेस पर कब्जे की लड़ाई है, इन नेताओं के झगड़े में कांग्रेस और कार्यकर्ता पिस रहें हैं।



मनावर की सभा में बोले अमित शाह

# भाजपा ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी



**मनावर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ही आदिवासियों की सच्ची हितैषी पार्टी है और इसने आदिवासियों के हित में अनेक महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।

वरिष्ठ नेता श्री शाह ने मध्यप्रदेश के पश्चिमी हिस्से में स्थित धार जिले के मनावर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कई दशकों तक सत्ता में रहने वाली कांग्रेस ने आदिवासियों का उपयोग सिर्फ वोट बैंक के रूप में किया और उनके हित में कदम नहीं उठाए। आदिवासियों के हित में केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान किए। यहां तक कि भाजपा ने इसी वर्ग से आने वाली महिला को राष्ट्रपति बनवाने का मार्ग भी प्रशस्त किया।

श्री शाह ने इस अवसर पर आदिवासी जननायक बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने ही 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जयंती गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है और इस दिन पूरे देश में व्यापक आयोजन किए जाएंगे। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार की ओर से आदिवासियों के हित में उठाए गए कदमों के बारे में भी बताया। श्री शाह ने देश की आंतरिक सुरक्षा, बाह्य सुरक्षा और अन्य मुद्दों का भी जिक्र किया और कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी सरकार ने नौ वर्षों के दौरान इन सभी मोर्चों पर मजबूती से कदम उठाए हैं। भाजपा ने जो भी कहा है, वो करके दिखाया है। चाहे वह धारा 370 से जुड़ा मसला हो या फिर अयोध्या में राम मंदिर निर्माण से संबंधित मुद्दा हो। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में बीस वर्षों पहले कांग्रेस के शासन में क्या स्थिति थी, यह सबको पता है। तब सड़क, बिजली और पानी जैसी सुविधाएं भी नहीं थीं। लेकिन 20 सालों में भाजपा ने इस राज्य को विकसित राज्यों की श्रेणी में ला दिया। अब भाजपा इस राज्य को और अधिक विकसित बनाएगी। उन्होंने मध्यप्रदेश कांग्रेस के दोनों वरिष्ठ नेताओं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह के अलावा कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को भी निशाने पर लिया और कहा कि इन नेताओं को अपने बच्चों को राजनीति में स्थापित करने की चिंता है। ये लोग राज्य के लोगों का हित कैसे कर पाएंगे।

सागर के कटरा नमक मंडी में कमलनाथ ने किया आमसभा को सम्बोधित, बोले

# भाजपा शासन में शोषण और अत्याचार से प्रदेश का हर वर्ग परेशान

▶ मतदान से पहले कांग्रेस का वचन-पत्र पढ़ने की अपील

**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार, महंगाई, घोटालों, दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, युवाओं के साथ शोषण और अत्याचार से प्रदेश के हर वर्ग का व्यक्ति परेशान है। कमलनाथ ने कहा कि बेरोजगारों के भविष्य की चिंता जताते हुए कहा कि आज मध्य प्रदेश बेरोजगारी में नंबर वन है, प्रदेश में एक करोड़ नौजवान बेरोजगार है, आज का नौजवान स्वाभिमानी है, वह अपने हाथों को काम चाहता है, वह कोई ठेका या कोई कमीशन नहीं चाहता है।

वह आज सागर के कटरा नमक मंडी में आयोजित कांग्रेस की चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। कमलनाथ ने कहा नौजवान हमारे प्रदेश का भविष्य हैं, लेकिन अगर नौजवानों का भविष्य अगर खतरे में रहा तो कैसे प्रदेश का विकास होगा। कमलनाथ ने आरोप लगाया कि शिवराज सिंह चौहान कहते थे कि मैं एक लाख युवाओं को रोजगार दूंगा। तब मैंने उनसे कहा था कि आप एक लाख छोड़िए जो बैकलॉग के पद खाली पड़े हैं और उन्हें ही भर दीजिए, संविदा पर ही भर्ती कर दीजिए। उन्होंने कहा कि आपको शिवराज सिंह चौहान की नीयत को समझना होगा। वह पिछले कुछ महीनों में ढाई हजार घोषणा कर चुके है । कमलनाथ ने कहा कि भाजपा ने महंगाई , बेरोजगारी , चौपट अर्थव्यवस्था और घर-घर में शराब देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में घोटाले का कमीशन का विकास हुआ है।



कमलनाथ ने अपनी पिछली सरकार की उपलब्धियों को भी मंच से गिनाया, कहा कि आज आप के बिजली बिल देखिए और याद कीजिए जब हमारी सरकार थी तब हमने सौ यूनिट फ्री बिजली देने का काम किया था। कांग्रेस ने 11 महीने में 1 हजार गौशालाएं बनाई थी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 3 सौ से बढ़कर 6 सौ किया था, जो कि अब सरकार आने पर 12 सौ करने वाले हैं। उन्होंने सवाल किया कि पिछले 18 सालों से बहनों का ध्यान नहीं आया, लेकिन चुनाव आते ही बहनें लाड़ली हो गईं, उन्हें लगता है कि हम प्रलोभन दे देंगे और वह हमें वोट दे देंगी। कमलनाथ ने कांग्रेस के वचन पत्र में की गई घोषणाओं का जिक्र करते हुए कहा कि यह चुनाव किसी पार्टी के भविष्य का नहीं बल्कि यह प्रदेश के भविष्य का चुनाव है, इसलिए मतदान के पहले कांग्रेस का वचन पत्र को जरूर ध्यान में रखिएगा। स्वागत भाषण में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने भाजपा विधायक पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि उन्होंने सरकारी योजनाओं को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया। कांग्रेस प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने मंच संचालन करते हुए कहा कि भाजपा तो स्कूलों को व्यवसायिक परिसर बनाकर नौनिहालों के भी अधिकार छीन रहीं है।

## कांग्रेस ने महिलाओं को बढ़ाया मान

कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती निधी सुनील जैन ने कहा कि सागर तालाब की भाजपा ने व्यवस्था की है, हम उसका पुनरुर्धार करेंगे। सागर स्मार्ट सिटी में भ्रष्टाचार बड़ा मुद्दा है सागर जिले में कमलनाथ ने 4 महिलाओं को टिकट देकर महिला समाज का मान बढ़ाया है, हम महिलाओं की ओर से उनके प्रति आभार प्रकट करते हैं।

## भाजपा छोड़ी, कांग्रेस में हुए शामिल

3 निर्दलीय प्रत्याशियों नीरज रैकवार, मो. फारूक खान और रिजवान बेग ने कांग्रेस प्रत्याशी निधी सुनील जैन को समर्थन दिया। जबकि बसपा छोड़कर आए संतोष प्रजापति ने बसपा छोड़कर अपने साथियों के साथ कांग्रेस का दामन थामा। वहीं पूर्व पार्षद पंकज सोनी और अरबाज खान ने भाजपा छोड़ कांग्रेस की सदस्यता ली। भाजपा सरकार में जैन समाज के संतो का अपमान किया जा रहा है।

जनसभा के संचालन में सहयोगी डॉ. संदीप सबलोक रहे। आभार चक्रेश सिंघई ने जताया। जबकि चुनावी सभा को संचालक पं संतोष पाण्डेय, रेखा चौधरी, जगदीश यादव, सुरेंद्र चौबे, पुरषोत्तम मुन्ना चौबे एवं महेश जाटव ने भी सम्बोधित किया। मंच पर प्रभारी अंजुसिंह बघेल, सुरेन्द्र रघुवंशी, डॉ. आनंद अहिरवार, अशोक श्रीवास्तव, मुकुल पुरोहित, अमितराम दुबे, अंकलेश्वर दुबे, अभिषेक गौर, पार्षद और वरिष्ठ कांग्रेसजन मौजूद रहे।

अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली थीम पर कांग्रेस ने मनाई दीवाली

# बेटियों और नागरिकों के साथ निकाली कलश यात्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस दीपावली के एक दिन पहले छोटी दीपावली पर अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली थीम पर दीवाली मनाई। राजधानी में तलैया स्थित कालीमंदिर चौराहे से नीलम पार्क, लिली टॉकीज, पुलिस 7 वीं वाहिनी रोड होते हुए खटलापुरा मंदिर तक निकाली गई कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों बेटियों के साथ कांग्रेसजनों और आम नागरिक शामिल हुए। भोपाल में जिला शहर कांग्रेस के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना के नेतृत्व में आयोजित इस आयोजन में अभा कांग्रेस कमेटी के महासचिव और मप्र प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस की स्पष्ट बहुमत से जीत का दावा करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में फिर से कांग्रेस की सरकार आएगी, इसलिए समूचा मध्यप्रदेश कह रहा है कि अबकी दीवाली कांग्रेस वाली। हर घर में उम्मीद की एक रोशनी जगमगा रही है। समूचे मप्र में इस बार दीपावली की अभिभूत कर देने वाली रौनक दिखाई दे रही है। मप्र कांग्रेस द्वारा 'अबकी दीवाली कांग्रेस वाली' थीम के साथ यह आयोजन किया गया है। इस आयोजन में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की अध्यक्षा सुश्री नेटा डिसूजा, अभा कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं आईटी व सोशल मीडिया विभाग की प्रमुख सुश्री सुप्रिया श्रीनेत, मप्र कांग्रेस के उपाध्यक्ष राजीव सिंह, अभय दुबे, श्रीमती विभा पटेल, जे.पी. धनोपिया, संजीव सक्सेना, संतोष कंसाना, अभिषेक शर्मा, सहित हजारों बेटियां, कांग्रेसजनों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे। इसी प्रकार इंदौर में भी आज जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा अबकी दीवाली-कांग्रेस वाली थीम पर दीवाली मनाई गई। इंदौर में आयोजित आयोजन में शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत चड्ढा, कांग्रेस नेता पंकज संघवी सहित शहर के प्रमुख नेता शामिल हुए।



# सिहावल में घिर गये हैं कमलेश्वर

● **सीधी से नरेन्द्र कुमार मौर्य**



**सीधी, देशबन्धु।** सिहावल क्षेत्र के बड़े नेता और कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश्वर पटेल को पहली बार कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है। 2013 में पिता इंद्रजीत पटेल की मृत्यु के बाद सहानुभूति लहर में वे बड़े अंतर से जीते थे। फिर 2018 में भाजपा से टिकट न मिलने पर विश्वामित्र पाठक ने निर्दलीय चुनाव लड़ा तो कमलेश्वर पटेल की जीत आसान हो गई, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। भाजपा ने अपनी गलती सुधार कर विश्वामित्र को उम्मीदवार बनाया है और वे शुरू से ही कांग्रेस प्रत्याशी पर भारी पड़ रहे हैं।

अमिलिया गांव के हरीश चंद्र गंभीर बात कहते हैं। उनके मुताबिक कमलेश्वर अपनी विरासत संभाल नहीं पा रहे हैं। उनमें अहंकार आ गया है, वे लोगों से नहीं मिलते। दूसरी तरफ उन्होंने बस अपने परिवार के लोगों को ही आगे बढ़ाया है और इस कारण उन्हें नुकसान हो सकता है। उदाहरण के लिये उनके भाई जिला पंचायत उपाध्यक्ष और बहू जनपद अध्यक्ष हैं। हरीश बताते हैं कि 2008 में विश्वामित्र पाठक ने इंद्रजीत पटेल को हरा दिया था। अब कमलेश्वर का भी सामना उसी विश्वामित्र से है।

तितली गांव के मोहम्मद अबरार भी इसी बात की तस्दीक करते हैं। उन्होंने कहा कि पटेल को दो बार मौका देकर देख लिया, वे काम नहीं करते। पाठक जी अच्छे आदमी हैं, वे जीत जाएंगे। जगदीश साहू ने भी पाठक के जीतने की संभावना जताई। तितली के ही बंशमणि ने कहा कि पटेल को हराना मुश्किल है। माहौल कांग्रेस का ही है। लोग सरकार बदलना चाहते हैं इसलिए इस बार फिर पटेल जीत जाएंगे और सरकार में मंत्री बनेंगे। दिनेश पटेल कहते हैं कि कोई भी जीत जाये, काम तो किसी को नहीं करना है। वैसे यहां कड़ा मुकाबला है। बहुत कम अंतर से हार-जीत होगी।

मायापुर डढ़िया के रामदास साहू ने कहा कि कांटे की टक्कर है। पाठक ने अच्छी पकड़ बनाई है, मगर पटेल भी कमज़ोर नहीं है। हरिनारायण ने कहा कि भाजपा ने हालत टाइट कर रखी है। जीत-हार का अंतर बहुत कम होगा। यही बात लक्ष्मी प्रसाद साहू ने भी कही। उन्होंने कहा कि पाठक अच्छी टक्कर दे रहे हैं। मायापुर के ही इंद्रकमल को उम्मीद है कि इस बार फिर कमलेश्वर जीत जायेंगे, क्योंकि हर वर्ग से उनका मेल जोल है। वे सबको पहचानते हैं, हरिजन, आदिवासी पिछड़े और सामान्य वर्ग के सभी लोगों से बराबर का रिश्ता रखते हैं।

बहरी गांव के सत्यम कहते हैं कि परिवर्तन होना चाहिए। पाठक जी की स्थिति अच्छी है। पिछली बार वे निर्दलीय लड़े थे, तब भी उन्हें 30-35 हज़ार वोट मिल जाए थे। इस बार वे सीट निकाल लेंगे। अशोक कुमार ने कहा कि लोग कमलेश्वर पटेल से नाराज़ ज़रूर हैं, लेकिन वे सीट निकाल लेंगे। लोग सरकार बदलना चाहते हैं इसलिए पटेल को माफ़ कर देंगे। हो सकता है उनकी जीत का अंतर घट जाये।सीधी के वरिष्ठ पत्रकार और लेखक सोमेश्वर सिंह कहते हैं कि सिहावल में स्थिति संघर्षपूर्ण है। यहां से सात बार इंद्रजीत पटेल विधायक रह चुके हैं। दो बार से उनके बेटे विधायक हैं, लेकिन इस बार उनके प्रति लोगों में आक्रोश है। उनका कुनबा बड़ा है, वे 11 भाई हैं। उन्होंने हर जगह अपने परिवार को ही आगे बढ़ाया, चाहे जिला पंचायत हो या जनपद। जबकि इंद्रजीत पटेल हर लिहाज से बड़े नेता थे। वे पिछड़े वर्ग को साथ लेकर चलते थे और ब्राम्हणों को सम्मान देते थे। समाज में सबके साथ उनका उठना-बैठना था। कमलेश्वर में ये खूबियां नहीं है इसलिए लोगों में नाराज़गी है। उनके हक में एक ही बात है कि लोग सरकार बदलना चाहते हैं, इसलिए अंत में दो-चार हज़ार मतों से जीत सकते हैं।

# भाकपा 9 सीटों पर चुनाव मैदान में, संकल्प पत्र जारी



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) 9 सीटों पर चुनाव मैदान में है। पार्टी ने चुनाव हेतु जनता के बुनियादी हितों से जुड़े मुद्दों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति करते हुए अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा के मध्य प्रदेश राज्य सह सचिव कॉमरेड शैलेन्द्र शैली और सचिव मंडल सदस्य कॉमरेड सत्यम पांडे ने यहां पत्रकार वार्ता में पार्टी का संकल्प पत्र जारी करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश विधान सभा चुनाव में भाकपा की जनता से अपील है कि भाजपा की हार सुनिश्चित करें और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की उपस्थिति सुनिश्चित करें। भाकपा के संकल्प पत्र के मुख्य बिंदुओं में सबके लिए एक समान ,गुणवत्ता पूर्ण और निशुल्क शिक्षा ,राज्य के बजट में 6 प्रतिशत का प्रावधान करना, सबके लिए सम्मानजनक रोजगार की गारंटी ,संविदा प्रथा की समाप्ति ,संविदा कर्मियों का नियमितीकरण ।समान काम का सामान वेतन सुनिश्चित करना, सबके लिए न्यूनतम वेतन 25 हजार रुपए, चतुर्थ श्रेणी के पदों पर स्थाई सरकारी नियुक्ति कर ठेकेदारी प्रथा समाप्त करना, राज्य परिवहन निगम पुनः शुरू करना, सबके लिए निशुल्क ,सम्मानजनक आवास की गारंटी, व्यापक भूमि सुधार, प्रत्येक भूमिहीन परिवार के लिए 10 एकड़ जमीन का म्मालिकाना हक प्रदान करना, कृषि लागत का डेढ़ गुना समर्थन मूल्य प्रदान करना, व्यापक चुनाव सुधार करना, ईवीएम को निरस्त करना और समानुपातिक प्रणाली से चुनाव करवाना, सबके लिए गुणवत्ता पूर्ण और निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करना, हिंसा से मुक्ति, महिलाओं ,बच्चों, दलितों, आदिवासियों और अल्प संख्यकों की सुरक्षा की गारंटी, शहरी क्षेत्रों में भगतसिंह रोजगार गारंटी कानून लाकर सभी के लिए रोजगार की गारंटी प्रदान करना, भोपाल के सभी गैस पीड़ितों को अधिकतम मुआवजा, निशुल्क चिकित्सा, निराश्रितों को 3 हजार रुपए प्रति माह सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान करना शामिल है।

## यह प्रत्याशी चुनाव मैदान में

ग्वालियर- कौशल किशोर शर्मा, गुढ़ -लालमणि त्रिपाठी, चुरहट- आनन्द पाण्डे, सिंगरौली- महेश प्रताप सिंह, देवसर - शिवकली साकेत, बड़वारा - सुरेश कौल,बैहर - अशोक मसीह, नरेला - अमीनुल हक सिद्दीकी, राजपुर - सुखलाल गोरे ।

# 'रोड नहीं तो वोट नहीं' : ग्रामीणों की धमकी से मचा हड़कंप

▶ आनन फानन में सड़क बनवाने पहुंचा प्रशासन, माकपा प्रत्याशी को लिया हिरासत में फिर छोड़ दिया

●**नरेन्द्र कुमार मौर्य**

**रीवा, देशबन्धु।** चुनाव के दौरान सड़क बनाने की कोशिश को लेकर एक प्रत्याशी की प्रशासन से झड़प का मामला चर्चा में है। यह मामला सिरमौर के निवर्तमान विधायक और भाजपा प्रत्याशी दिव्यराज सिंह के चुनाव क्षेत्र का है। यहां एक गांव है बेसनपुर्वा, जहां से रीवा जाने का सीधा रास्ता नहीं है, घूमकर जाना पड़ता है। जब दिव्यराज सिंह प्रचार के दौरान यहां पहुंचे तो लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा लगा दिया। इससे वे परेशान हो गए और उन्होंने सरकारी अधिकारियों को इस काम पर लगा दिया।

सिरमौर से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी कांति कुमार दुबे ने बताया कि शुक्रवार को एसडीएम सोनाली देव अपने अमले के साथ यहां रोड बनवाने पहुंची थीं। हमने कहा कि इस रोड़ में हमारी पट्टे की ज़मीन आ रही है। कुछ और लोगों की भी ज़मीन भी आ रही है। उनके पड़ोसी ने इसके खिलाफ स्थगनादेश भी लिया हुआ है, इसलिए अभी यहां निर्माण नहीं हो सकता और यह आचार संहिता के भी ख़िलाफ़ है। श्री दुबे ने बताया कि यह सुनते ही एसडीएम नाराज़ हो गईं और कहा कि इतने मुकदमे लाद दूंगी कि गिनती भूल जाओगे। तुम विधायक के काम में रोड़े अटका रहे थे। तुम्हें सबक सिखाना ही पड़ेगा। इसके बाद उन्होंने कांति कुमार दुबे को हिरासत में ले लिया। लेकिन जब वे उन्हें ले जाने लगीं तो गांव के लोगों ने घेर लिया। ग्रामीणों के दबाव के चलते उन्हें कांति कुमार दुबे को छोड़ना पड़ा।

सीपीएम के वरिष्ठ नेता बादल सरोज कहते हैं कि यह सिर्फ़ निजी ज़मीन पर सड़क बनवाने का मामला नहीं है बल्कि चुनाव प्रचार के दौरान सड़क बनवाने का है, वह भी उस विधायक की ज़मीन पर, जो सीपीएम प्रत्याशी भी है। तीन दिन पहले भी उन्होंने सीपीएम प्रत्याशी और उनके समर्थकों की गाड़ियों से झंडे नोंचने का काम किया था। बादल सरोज ने कहा कि सुश्री देव सिर्फ एसडीएम नहीं हैं, सिरमौर विधानसभा क्षेत्र की सहायक निर्वाचन अधिकारी और सहायक निर्वाचन अधिकारी भी हैं। इन जैसी मानसिकता के चुनाव अधिकारियों के रहते चुनाव कितने निष्पक्ष होंगे, इसका अनुमान लगाया जा सकता है।

सीपीएम प्रत्याशी कांति कुमार दुबे ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में जिला निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है।

उधर एसडीएम सोनाली देव से जब फ़ोन पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि सीपीएम वहां लोगों को डरा धमका कर भय पैदा कर रही है। वहां मतदान को लेकर कुछ दिक्कत की ख़बर मिली थी इसलिए शासकीय आदेश पर हम स्थिति का जायजा लेने गए थे, न कि रोड बनवाने। उन्होंने कहा कि लोगों ने लिखित में दिया है कि कोई दिक्कत नहीं है, वे मतदान करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सड़क जहां बननी है, वहां किसी की ज़मीन नहीं आ रही है। उसे सरकारी जमीन पर ही बनना है। प्रस्तावित सड़क के किनारे सात लोगों की ज़मीन है। उनमें समझौता हो गया है। पारसनाथ जी ने लिखित में दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सीपीएम यहां माहौल खराब कर रही है।

इस मामले में एक वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें कांति कुमार दुबे स्थगनादेश की बात करते दिखाई दे रहे हैं। वीडियो देखकर लगता है कि कुछ मामला तो है लेकिन ग्रामीणों के इकट्ठे हो जाने के कारण अधिकारी कामयाब नहीं हो पाये।

# धार में क्या कायम रहेगी भाजपा की धार !

●*सुनील शर्मा*

***धार, देशबन्धु।*** *धार विधानसभा सीट पर मुकाबला दिलचस्प हो गया है। यहां कांग्रेस की प्रभा गौतम एवं भाजपा की नीना वर्मा तो आमने-सामने हैं ही, दोनों पार्टियों के बागी भी मैदान में हैं। इन सभी उम्मीदवारों को जनता अपनी कसौटी पर कस रही है। आइये डालते हैं एक नज़र*

*1. नीना विक्रम वर्मा : नीना वर्मा की मुख्य पहचान भाजपा के स्थापित नेता विक्रम वर्मा की पत्नी के रूप में है। चार दशकों से भी लम्बे श्री वर्मा के राजनीतिक करियर में कोई दाग नहीं लगा है। उन्होंने मैदानी कार्यकर्ताओं की फौज तैयार की है हालांकि उन पर यह आरोप भी है कि जिस भी कार्यकर्ता से इन्हें खतरा महसूस हुआ, उसका राजनीतिक वजूद खत्म करने में उन्होंने देर नहीं की। इनकी यही कार्यशैली इस चुनाव में इनके सामने गंभीर समस्या बनकर खड़ी हो गई है।*

***2. राजीव यादव :*** *राजीव यादव ने अपनी राजनीतिक जीवन की शुरुआत छात्र-राजनीति से की। विद्यार्थी परिषद में इन्होंने अपनी संगठन शक्ति का परिचय दिया है। ये 10-15 वर्षों से शहीद दिवस पर मशाल यात्रा निकाल रहे हैं। इसके अलावा कावड़ यात्रा से इन्होंने अपनी हिंदूवादी छवि भी बनाई है। दूसरे नेताओं के उलट राजीव यादव ने वर्मा जी के सामने समर्पण करने के बजाय अपनी कार्यशैली एवं संगठन क्षमता के बल पर भाजपा के जिला अध्यक्ष बने, वर्मा जी के विरोध के बावजूद धार नगर पालिका को अपनी मुट्ठी में रखा और वर्मा विरोधियों को एकजुट किया। वे परिवारवाद का मुद्दा उठा रहे हैं और जनता में भी यह चर्चा है कि पार्टी, वर्मा परिवार के अलावा अन्य नेताओं को मौका क्यों नहीं देती। युवा मतदाताओं पर राजीव यादव का प्रभाव देखने में आ रहा है।*

***3. कुलदीप बुंदेला :*** *कुलदीप बुंदेला को राजनीति उनके पिता मोहन सिंह बुन्देला से विरासत में मिली है। स्व. बुन्देला उनके कार्यों, संगठन क्षमता एवं अपने समर्थकों के पीछे खड़े रहने के लिये याद किया जाता है, हालांकि इस परिवार पर यह आरोप भी लगता रहा है कि ये चुनाव के समय कांग्रेस के मतदाताओं को भाजपा की तरफ मोड़ देते हैं। जनता में इनकी पहचान फूल छाप कांग्रेसी की हो गई है, लेकिन इस बार कुलदीप खुद मैदान में हैं तो भाजपा को विपरीत परिणाम देखने को मिल सकता है।*

***4. प्रभा गौतम :*** *इस बार फिर से कांग्रेस ने अपना विश्वास गौतम परिवार पर जताया है। उन्हें विधायक रहे अपने पति बालमुकुंद गौतम और जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में बेटे मनोज के कामों का फायदा मिल सकता है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कुलदीप सिंह बुन्देला की है लेकिन भाजपा के बागी प्रत्याशी राजीव यादव की रैलियों व सभा में जो भीड़ आ रही है, यदि वह वोटों में तब्दील हो जाती है तो प्रभा गौतम की राह आसान हो सकती है।*

*इस चुनाव में ख़ास बात यह भी है कि भाजपा के पुराने जनाधार वाले नेताओं - जिसमें पूर्व विधायक करण सिंह पंवार, पूर्व जिलाध्यक्ष अनन्त अग्रवाल, पीथमपुर नगरपालिका अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल और कई मण्डल अध्यक्ष शामिल हैं, पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी की परेशानी बढ़ा दी है। निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव को प्रभावित करेंगे। इसलिए यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या भाजपा यहां अपनी साख बचा पाएगी ।*

# साहित्य

पंजाबी कहानी

# मंदिर वाली गली

■ देवेन्द्र सत्यार्थी

राय साहिब का घर मंदिर वाली गली में नहीं बल्कि गंगा के किनारे था। बहुत ख़ुशहाली का ज़माना था। एक पैसे में तीन सौदे आ जाते थे। आठ दिन, नौ मेले वाली बात समझिए। एक रुपये के पंद्रह सेर बासमती आ जाती थी। दो रुपये का सोलह सेर दूध। रुपये की छः मन लकड़ी। रुपये का एक मन कोयला। छः आने गज़ लट्ठा। सात पैसे गज़ बढ़िया मलमल और यक़ीन कीजिए दस रुपये में बहुत बढ़िया रेशमी साड़ी मिल जाती थी। इसलिए राय साहिब बोले मज़े से रहिए। जब तक आपका दिल भर न जाये।

घर के सामने एक पीपल का दरख़्त खड़ा था जिसने सैंकड़ों बाहें फैला रखी थीं। राय साहिब की उम्र उस वक़्त तीस-पैंतीस के बीच में होगी। मैं अक्सर मंदिर वाली गली में घूमने निकल जाता, और वापस आकर कभी राय साहिब से उसकी तारीफ़ करता तो वो कहते, 'वहाँ क्या रखा है? आने-जाने वालों के धक्के तो हमें नापसंद हैं और वो भी भांत-भांत के पंछी मिलते हैं। भांत भांत के चेहरे, भांत-भांत के लिबास।'

'अब दूर दूर के यात्री अपना लिबास कहाँ छोड़ आएं, राय साहिब?' मैं संजीदा हो कर जवाब देता, 'और उन बेचारों के चेहरे मुहरे जैसे हैं वैसे ही तो रहेंगे।'

वो खिलखिला कर हंस पड़ते। किसी ने भानुमती का कुम्बा देखना हो तो मंदिर वाली गली का एक चक्कर लगा आए। वहां जगह-जगह के लोगों को एक साथ घूमते देखकर मुझे तो ये शक होने लगता है कि ये एक ही देस के लोग हैं।

'ये तो ठीक है राय साहिब!' मैं बहस में उलझ जाता, 'बंगाली, महाराष्ट्री, गुजराती और मद्रासी अलग-अलग हैं तो अलग-अलग ही तो नज़र आएँगे। अपना-अपना रूप और रंग-ढंग घर में छोड़कर तो तीर्थ यात्रा पर आने से रहे।'

राय साहिब के साथ बातें करने से ज़्यादा लुत्फ़ मुझे मंदिर वाली गली के छः सात चक्कर लगाने में आता था। यात्रियों के किसी कुन्बे की कोई नौजवान लड़की अपनी दो चोटियों में से एक को आगे ले आती या जिस्म सुकेड़ कर चलती या अंगड़ाई के अंदाज़ में महराब सी बना डालती, तो ये मंज़र देखकर मुझे महसूस होता कि मंदिर वाली गली की आप-बीती में ये तफ़सील भी बड़े ख़ूबसूरत अंदाज़ में दर्ज हो गई। इसी तरह कोई भिखारन निचला होंट दाँतों तले दबा कर किसी भागवान यात्री औरत का सिंगार देखती रह जाती और फिर अपनी मैली कुचैली साड़ी के बावजूद सीना तान कर किसी दुकान के आईने में अपना रूप देखकर मुस्करा उठती तो ये बात भी मंदिर वाली गली की दास्तान में कलमबंद हो जाती।

ये सब बातें मैं राय साहिब को सुनाता और वो कहते, 'चौखटा मंदिर वाली गली का है और तस्वीर आपके मन की। हम क्या बोल सकते हैं? ये तो कैमरे की आँख ने नहीं, आपके दिमाग़ की आँख ने देखा।'

राय साहिब की बहुत जायदाद थी। स्याह पत्थर के खरल में वो हाज़मे की गोलियां बनाने की दवा बड़ा शौक़ से बैठे घोंटते रहे। इस दवा का नुस्ख़ा उनके पड़दादा छोड़ गए थे और ताकीद कर गए थे कि इनकी तरफ़ से हाज़मे की गोलियां मंदिर वाली गली में यात्रियों को मुफ़्त तक़सीम की जाया करें। ये काम करते वक़्त राय साहिब स्याह पत्थर के उस खरल की कहानी सुनाने लगते। उसे उनके पड़दादा जगननाथपुरी से लाए थे। जिस कारीगर ने ये खरल बनाया था, उसने चारधाम की यात्रा कर रखी थी और राय साहिब के पड़दादा से उसकी पहली मुलाक़ात बनारस की इस मंदिर वाली गली में ही हुई थी।

शादीशुदा ज़िंदगी के सात बरस गुज़ारने के बाद राय साहिब के एक बेटा हुआ। उसका नाम उन्होंने रूपम रखा। पंजों के बल चलने वाला रूपम मेरे साथ ख़ूब हिल मिल गया। वो मुझे दूर से ही पहचान लेता। वाक़ई रूपम बहुत हँसमुख था। मैं उसे उठा लेता और उसके हाथ मेरी ऐनक की तरफ़ उठ जाते। राय साहिब कहते, 'बेटा! उन की ऐनक टूट गई तो पैसे हमें ही भरने पड़ेंगे।'

राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

> राय साहिब हंसकर कहते, 'रूपम को भी उसी तरह अपने हाथ से स्याह पत्थर के इस खरल में हाज़मा की गोलियों की ये दवा घोटनी पड़ा करेगी। बड़ों की रीत को वो छोड़ थोड़ी देगा।' और वो हाथ उठा कर पीपल की तरफ़ देखते हुए जैसे दिल ही दिल में किसी मंत्र का जाप करने लगते। जैसे पीपल से कह रहे हों, 'तुम तो तब भी होगे पीपल देवता, जब हम नहीं होंगे, देखना हमारे रूपम को समझाते रहना कि ख़ानदान की रीत को छोड़े नहीं।'

रूपम की जन्मपत्री की बात छिड़ने पर राय साहिब कहते, 'सब ठीक ठाक रहा। उस समय, न आंधी आई, न गरहन लगा। समय आने पर वो दुनिया में अपना लोहा मनवा के रहेगा।' कहते-कहते वो एक दम जज़्बाती हो जाते। 'बड़ा होने पर रूपम को मैं एक ही नसीहत करूँगा कि जिस हांडी में खाए उसी में छेद न करे।'

मैं कहता, 'चलती का नाम गाड़ी है, राय साहिब!'

राय साहिब शोहरत के भूखे थे न दौलत के। बड़ी तेज़ी से बात करते थे और अपने नज़रिए पर डटे रहते। गंगा की अज़्मत के वो क़ाइल थे और बनारस की तारीख़ में सबसे ज़्यादा गंगा का हाथ देखते थे, गंगा की तारीफ़ में राय साहिब श्लोक पर श्लोक सुनाने लगते, जैसे कोई दर्ज़ी दुपट्टे पर गोटे की मग़ज़ी लगा रहा हो।

राय साहिब के घर मेहमान बने मुझे तीन हफ़्ते से ऊपर हो गए थे। मेरे लिए ये बात कुछ कम अहमियत नहीं रखती थी कि मैं राय साहिब का मेहमान हूँ क्योंकि हर ऐरा ग़ैरा नथ्थू-ख़ैरा तो उनका मेहमान नहीं हो सकता था, वाक़ई राय साहिब की मेहमान नवाज़ी के क़दम ज़िंदगी के ख़ुलूस में गड़े हुए थे।

एक रोज़ जब मुझे राय साहिब के यहां रहते हुए सवा महीना हो गया था, राय साहिब सवेरे-सवेरे मेरे कमरे में आए। मैंने देखा, उनका रंग उड़ा हुआ था।

'क्या बात है राय साहिब!' मैंने पूछा।

राय साहिब ने आज पहली बार मेरी आँखों में आँखें डाल कर कहा, 'बात ऐसी है कि बोलना भी मुश्किल हो रहा है। फिर भी बताना तो होगा।' 'नहीं नहीं, कोई बात नहीं। आप यहीं रहिए। अपने मेहमान से भला मैं ये बात कह सकता हूँ?'

'मैं समझ गया राय साहिब! मुझे यहां रहते सवा महीना हो गया। ये बहुत है। अब वाक़ई मुझे चला जाना चाहिए।'

राय साहिब मेरे सामने खड़े-खड़े कबूतर की तरह फड़फड़ाये। उनकी आँखों में बेहद हमदर्दी थी लेकिन उनके चेहरे पर बेबसी के आसार साफ़ दिखाई दे रहे थे। मुझे याद आया कि इससे पहले दिन-दोपहर के वक़्त जब मैं रूपम से खेल रहा था, रूपम की माँ ने नौकरानी को भेज कर रूपम को मंगवा भेजा था।

मैंने साफ़ साफ़ कह दिया, 'रूपम के माता जी को मेरे यहां रहने से कष्ट होता है तो मुझे वाक़ई यहां से चला जाना चाहिए।'

'नहीं नहीं, हम आपको नहीं जाने देंगे। ये मेरा धर्म नहीं कि मेहमान चला जाये, अपना काम पूरा किए बिना। वैसे अगर आप कुछ दिन के लिए हमारे मंदिर वाली गली के मकान में चले जाते तो ठीक था।'

'मेरा तो कोई ख़ास काम नहीं। मंदिर वाली गली को भी बहुत देख लिया। अब वाक़ई मुझे यहां से चले ही जाना चाहिए।'

'हम आपके रहने का इंतिज़ाम कल से मंदिर वाली गली में कर देते हैं, कल से आप मान जाईए। वहां भी हमारा अपना मकान है और उसकी तीसरी मंज़िल पर एक कमरा आपके लिए ख़ाली कराया जा चुका है।'

'नहीं मैं वहां जाकर नहीं रहूँगा। आप यक़ीन कीजिए। मेरी तबीयत तो बनारस से भर गई है, अब तो मैं एक दिन भी नहीं रुक सकता।'

'नहीं आपको रुकना पड़ेगा।'

राय साहिब बार-बार होंटों पर ज़बान फेर कर उनकी ख़ुशकी को चाटने लगते। वो बोले, 'आप चले गए तो हमें गंगा मय्या का श्राप लगेगा।'

'गंगा मय्या के श्राप की तो इसमें कोई बात नहीं राय साहिब! ये तो हमारी आपकी बात है।'

राय साहिब हंसकर बोले, 'माफ़ कीजीए! शायद आप मुझे दब्बू टाइप का पतिदेव समझ रहे होंगे। जिसे अंग्रेज़ी मुहावरे में मुर्ग़ी ज़दा ख़ाविंद कहते हैं।'

'मुझे ये बात ज़रा भी बुरी नहीं लगी। राय साहिब! मेरे ऊपर आपका एहसान है। ये और बात है कि हर चीज़ इतनी सस्ती है कि एक पैसे के तीन सौदे आ जाते हैं।'

'हाँ तो आराम से बैठ कर सुनिए। पूरे पच्चीस बरस बाद मुझे दुबारा बनारस जाने का मौक़ा मिला और अब बहुत महंगाई का ज़माना था। कहाँ एक रुपये की पंद्रह सेर बासमती और कहाँ सवा रुपये सेर। कहाँ दो रुपये मन गेहूँ और कहाँ सोलह रुपये मन। रुपये की पाँच सेर चीनी की बजाय पंद्रह आने सेर। ये महंगाई जैसे आज़ादी का सबसे बड़ा तोहफ़ा था। आज मैं एक अदबी बुलावे पर बनारस गया था। पहला घर मुझे याद था। जहां मैं पच्चीस बरस पहले ठहरा था।

मैं पूछता-पाछता वहां पहुंचा तो देखा कि वहां न वो घर है न वो पीपल का पेड़। पूछने पर पता चला कि वो घर और पीपल तो बहुत बरस पहले गंगा में बह गए। मेरे दिल-ओ-दिमाग़ में सनसनी सी दौड़ गई।

राय साहिब अब दूसरी जगह चले गए थे। उनके पुराने पड़ोसी से उनका पता चलते देर न लगी। मैं वहां पहुंचा तो राय साहिब बहुत तपाक से मिले। पता चला कि रूपम का ब्याह हुए साढ़े तीन बरस होने को आए। अब तो रूपम का दो बरस का बेटा है। 'देखिए हम पोते वाले हो गए।' राय साहिब हंसकर बोले।

राय साहिब मुझे खाना खिलाए बग़ैर न माने। उन के चेहरे पर इन्सानियत का जौहर साफ़ दिखाई दे रहा था। पुराने घर की बात चली तो राय साहिब ने ठंडी सांस भर कर कहा उसे तो गंगा मय्या ले गई और हमारे पड़दादा का लगाया हुआ पीपल भी गंगा में बह गया।

मैं उठने लगा तो राय साहिब बोले, 'अब तो पच्चीस बरस पुरानी याद ऐसे है जैसे किसी खण्डहर की दीवार, जिसका पूरे का पूरा पलस्तर झड़ गया हो।'

'मुझे तो आपकी मेहमान नवाज़ी में अभी तक नए पन की ख़ुशबू आ रही है, राय साहिब!'

'अरे भई छोड़ो। मौसम की तरह हालात भी बदलते रहते हैं।' राय साहिब ने तुर्श आवाज़ में कहा।

मैंने कहा, 'याद है न राय साहिब। उन दिनों एक पैसे के तीन सौदे आ जाते थे।'

जब मैं चला तो राय साहिब ने रूपम का पता लिखवा दिया जो उन दिनों मंदिर वाली गली में रहता था। 'लीजिए रूपम के नाम चिट्ठी लिख कर सारा वर्तमान हाल बता दूं उसे। नहीं तो वो कैसे जानेगा कि वो आपकी गोद में खेल चुका है।' राय साहिब ने संजीदगी से कहा, 'देखिए! मैंने चौदह सतरों में सारी बात लिख डाली।'

मैं मंदिर वाली गली में पहुंचा तो यूं महसूस हुआ कि महंगाई के बावजूद कुछ भी नहीं बदला और वो संस्कृत कहावत फिर से मेरे ज़हन को गुदगुदाने लगी, 'जिसे कहीं भी ठिकाना न मिले उसे काशी ही आख़िरि ठोर!'

रूपम राय साहिब की चिट्ठी पढ़ कर अपनी बीवी को बुला लाया और माँ की गोद से निकल कर नन्हा शिवम झट मेरे पास चला आया।

रूपम बोला- 'आप तो मंदिर वाली गली के पुराने प्रेमी हैं ना। देखिए! यही वो कमरा है, जहां पच्चीस बरस पहले पिता जी आपको ठहराना चाहते थे। पिता जी ने लिखा है कि आपको ग़लतफ़हमी हो गई थी कि माताजी आपको हमारे गंगा घाट वाले घर में रखकर ख़ुश नहीं हैं। उन्होंने तो आपका मंदिर वाली गली के साथ गहरा प्रेम देखकर ही ये चाहा था कि आप कुछ दिन इस गली में आकर भी रह जाएं।'

'छोड़ो वो पुरानी बात है।' मैंने मुस्कराकर बात टाल दी, 'इस से भी कहीं ज़्यादा याद रखने वाली बात ये है कि तब मुझे नन्हा रूपम मिला था, अब नन्हा शिवम।'

शिवम के हाथ में विश्वनाथ मंदिर का लकड़ी का छोटा सा मॉडल था जिसे वो हवा में उछाल रहा था।

घर की बालकोनी में खड़े-खड़े मैं ज़रा पीछे हट गया। मुझे डर था कि कहीं शिवम अपना लकड़ी का खिलौना नीचे मंदिर वाली गली में न गिरा दे। नन्हे शिवम की माँ ने जल्दी-जल्दी अपने सुसर का ख़त पढ़ा और सर पर बनारसी साड़ी ठीक करते हुए वो बोली, 'अब देखिए! हम आपको यहां से जल्दी जाने नहीं देंगे। जो ग़लतफ़हमी आपको रूपम के माता जी के बारे में हुई वो शिवम के माता जी के बारे में तो नहीं हो सकती।'

मंदिर वाली गली में ऐसे ही उत्तर-दक्खिन और पूरब-पच्छिम का संगम हो रहा था जैसे मंदिर वाली गली भी किसी गंगा मय्या की तरह पुकार रही हो, 'आओ यात्री! मेरी नई पुरानी लहरों में उतरो!'

---


संदर्भ : 12 नवम्बर, शायर और डायलॉग राइटर अख़्तर-उल-ईमान का जन्मदिवस

# दुनिया के संकट को हल करने की चाबी इश्तिराकियत में है

■ ज़ाहिद ख़ान

अख़्तर-उल-ईमान अपने दौर के संज़ीदा शायर और बेहतरीन डायलॉग राइटर थे। अक्सर लोग उन्हें फ़िल्मी लेखक के तौर पर याद करते हैं, मगर यह भूल जाते हैं कि फ़िल्मों में आने से पहले वो एक नामचीन शायर थे, और ताउम्र बेहद संज़ीदगी से शायरी करते रहे। उन्होंने शायरी की। नज़्में लिखीं, मगर फ़िल्मों के लिए कोई गाना नहीं लिखा। नग़मा निगारी से उन्होंने एक दूरी बनाए रखी। जबकि उनके सभी साथी शायर साहिर लुधियानवी, कैफ़ी आज़मी, मजरूह सुल्तानपुरी, जांनिसार अख़्तर वग़ैरह फ़िल्मों के लिए गीत लिख रहे थे। अख़्तर-उल-ईमान का तरक़्क़ीपसंद तहरीक से भी वास्ता रहा और आख़िर तक 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' में सरगर्म रहे। वे एक आला नज़्म निगार थे। उर्दू अदब में जदीद नज़्मों की इब्तिदा उन्होंने ही की। उनकी नज़्मों में सीधी-सादी शायरी नहीं, बल्कि उनमें एक मुकम्मिल कहानी होती है, जो ख़त्म होते-होते पाठकों के ज़ेहन में अनगिनत सवाल छोड़ जाती हैं। वे एक यथार्थवादी और आधुनिक शायर थे। उनकी नज़्मों में सिर्फ़ इश्क-मुहब्बत ही नहीं, आम आदमी की ज़िंदगी की जद्दोजहद भी साफ दिखलाई देती है।

12 नवंबर, 1915 को पश्चिमी उतर प्रदेश के ज़िला बिजनौर की एक छोटी सी बस्ती क़िला पत्थरगढ़ में एक ग़रीब परिवार में जन्मे अख़्तर-उल-ईमान का बचपन बेहद ग़ुर्बत में बीता। उनकी शुरुआती तालीम अनाथालय के एक स्कूल में हुई। मैट्रिक के बाद उनका ग्रेजुएशन नई दिल्ली के ऐंगलो अरबिक कॉलेज में हुआ। अख़्तर-उल-ईमान एक जज़्बाती इंसान थे। सत्रह-अठारह साल की उम्र में ही उन्होंने शायरी का आग़ाज़ कर दिया था। थोड़े से ही अरसे में अपनी रूमानी नज़्मों की बदौलत वे कॉलेज में अलग से पहचाने जाने लगे। उनके ख़ास दोस्त उन्हें ब्लैक जापान अख़्तर-उल-ईमान कह कर पुकारते। पढ़ाई और शायरी के अलावा उनकी दिलचस्पी सियासत में भी थी। स्टूडेंट पॉलिटिक्स में वे खुलकर हिस्सा लेते थे। आगे चलकर उन्होंने अलीगढ़ मुस्लिम यूनीवर्सिटी से फारसी में एमए किया। अलीगढ़ यूनीवर्सिटी में ही पढ़ाई के दौरान अख़्तर-उल-ईमान, तरक़्क़ीपसंद शायरों के संपर्क में आए और उनकी शायरी में एक अलग रुजहान पैदा हुआ। पढ़ाई मुकम्मल करने के बाद, एक बार फिर उनके सामने रोज़ी-रोटी का सवाल था। उन्होंने मेरठ और दिल्ली में छोटी-छोटी नौकरियां कीं। कुछ दिन दिल्ली रेडियो स्टेशन में भी रहे, मगर कहीं भी उनका स्थायी ठिकाना नहीं रहा। आख़िरकार, अख़्तर-उल-ईमान का लेखन ही काम आया। दोस्तों की मदद से उन्हें पूना के 'शालीमार पिक्चर्स' में बतौर कहानीकार और संवाद लेखक की नौकरी मिल गई। शालीमार पिक्चर्स में उस वक़्त जोश मलीहाबादी, सागर निज़ामी, कृश्न चंदर और भरत व्यास जैसे आला दर्जे के अदीब पहले ही इकट्ठा थे, अख़्तर-उल-ईमान भी उस ग़िरोह का हिस्सा हो गए। 'शालीमार पिक्चर्स' के जब सितारे ग़र्दिश में आए, तो वे मुंबई चले आए। अख़्तर-उल-ईमान ने बचपन से ही ख़ूब ग़रीबी झेली थी, करियर बनाने के लिए उन्होंने जी-जान लगा दी। कुछ ही दिनों में उन्होंने डायलॉग राइटर के तौर पर अपनी पहचान बना ली। एक ज़माना था, जब हिंदी सिनेमा के बड़े बैनर की फ़िल्में उन्हें ही मिलती थीं। और इन फ़िल्मों की कामयाबी में भी अख़्तर-उल-ईमान के धारदार डायलॉग का हाथ होता था। फ़िल्मों में लिखे उनके डायलॉग, थिएटर से निकलकर दर्शकों के घर तक जाते थे।



अख़्तर-उल-ईमान की एक तरफ फ़िल्मों में स्टोरी और डायलॉग राइटर के तौर पर धूम मची हुई थी, तो दूसरी ओर वे शायरी में भी मशग़ूल थे। तमाम मसरूफ़ियत के बाद भी उन्होंने शायरी से किनारा नहीं किया। शायरी में वे फ़ैज़ अहमद फ़ैज़, मुईन अहसन जज़्बी, मजाज़, मख़्दूम, और मीराजी से ज़्यादा मुतास्सिर थे। या यूं कहें, मीराजी का ही उन पर ज़्यादा असर था। यही वजह है कि उनकी शायरी भी व्यक्तिवादी और प्रतीकवादी है। आगे चलकर उनकी शायरी ने सामाजिकता को एक अलग एंगल से छुआ। उनकी बेहद चर्चित नज़्मों में से एक 'एक लड़का' नज़्म पर नज़र डालिए, ''मैं उस लड़के से कहता हूँ वो शोला मर चुका जिस ने/कभी चाहा था इक ख़ाशाक-ए-आलम फूँक डालेगा/ये लड़का मुस्कुराता है ये आहिस्ता से कहता है/ये किज़्ब-ओ-इफ़्तिरा है झूट है देखो मैं ज़िंदा हूँ।''

साल 1942 से 1947 तक बंबई में तरक़्क़ीपसंद तहरीक अपने उरूज पर थी। अख़्तर-उल-ईमान भी अक्सर 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' के जलसों में जो सज्जाद ज़हीर के घर होते थे, शरीक होते। और बहस में हिस्सा लेते, अपनी नज़्में पढ़ते थे। 'अंजुमन तरक़्क़ीपसंद मुसन्निफ़ीन' की 1949 की भिवंडी कॉन्फ्रेंस में भी उन्होंने न सिर्फ़ सरगर्मी से हिस्सा लिया, बल्कि इंतिहा पसंदआना क़रारदाद (प्रस्ताव) की शदीद मुख़ालफ़त भी की। अख़्तर-उल-ईमान ने ग़ज़ल की बजाय नज़्म ही ज़्यादा लिखीं। उर्दू अदब में उनकी पहचान नज़्म निगार की है। 'ज़िंदगी का वक़्फ़ा', 'आख़िरी मुलाकात', 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'बिंत-ए-लम्हात', 'यादें', 'तन्हाई में', 'नया आहंग', 'उम्र-ए-गुरेज़ा के नाम', 'अहद-ए-वफ़ा', 'ज़िंदगी के दरवाज़े पर' और 'मताअ-ए-राएगां' वग़ैरह उनकी मशहूर नज़्में हैं।

अख़्तर-उल-ईमान की शायरी में ज़िंदगी के छोटे-छोटे लम्हे, तअस्सुरात बड़े ही बारीकी से नुमायां होते हैं। कई मर्तबा इन नज़्मों में क़ुदरत का बयान भी तफ़सील से आता है। 'जाने शीरीं', 'मुहब्बत', 'अहद—ए—वफ़ा' आदि अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों में मुहब्बत के नाज़ुक-नाजुक एहसास हैं। अख़्तर-उल-ईमान अपनी शायरी पर ख़ुद तन्क़ीद करते थे। एक किताब की भूमिका में उन्होंने अपनी शायरी के बारे में लिखा है, ''यह शायरी मशीन में नहीं ढली, एक ऐसे इंसान के ज़ेहन की रचना है, जो दिन-रात बदलती हुई सामाजिक, आर्थिक और नैतिक मूल्यों से दो-चार होता है। जहां इंसान ज़िंदगी और समाज के साथ बहुत से समझौते करने पर मजबूर है, जिन्हें वो पसंद नहीं करता। समझौते इसलिए करता है कि उसके बिना ज़िंदा रहना मुम्किन नहीं और उनके ख़िलाफ़ आवाज़ इसलिए उठाता है कि उसके पास ज़मीर नाम की एक चीज़ है।'' ज़ाहिर है कि ये आवाज़ तन्हा अख़्तर-उल-ईमान के ज़मीर की ही आवाज़ नहीं, बल्कि उनके दौर के हर संवेदनशील शख़्स के ज़मीर की आवाज़ है। समाज में जो उन्होंने महसूस किया, उसे ही अपनी शायरी में ढाल दिया। यही वजह है कि अख़्तर-उल-ईमान की शायरी यथार्थ की बेहद ख़ुरदुरी ज़मीन पर खड़ी दिखाई देती है। उनकी बाज़ नज़्में बड़ी तवील है, जिनमें वे एक कामयाब क़िस्सागो की तरह पूरे मंज़र को बयां करते चले जाते हैं। 'डासना स्टेशन का मुसाफ़िर', 'दिल्ली की गलियां तीन मंज़र' इन नज़्मों की कटगरी में शुमार होती हैं।

अख़्तर-उल-ईमान ने अपने फ़िल्मी करियर की शुरुआत साल 1948 में फ़िल्म 'झरना' से की लेकिन 'कानून' वह फ़िल्म थी, जिसने उन्हें फ़िल्मी दुनिया में स्थापित कर दिया। डायरेक्टर बीआर चोपड़ा की इस फ़िल्म में कोई गाना नहीं था। फ़िल्म की कामयाबी के पीछे इसके शानदार डायलॉग का हाथ था। आगे चलकर उन्होंने बीआर चोपड़ा और उनके भाई यश चोपड़ा की अनेक फ़िल्मों के डायलॉग लिखे। अपने पचास साल के फ़िल्मी करियर में अख़्तर-उल-ईमान ने 100 से ज़्यादा फिल्मों के संवाद लिखे। जिनमें नग़मा, रफ़्तार, ज़िंदगी और तूफ़ान, मुग़ल-ए-आज़म, वक़्त, हमराज़, दाग़, आदमी, पाकीज़ा, पत्थर के सनम, गुमराह, मुजरिम, मेरा साया, आदमी और इंसान, चांदी-सोना, धरम पुत्र, और अपराध जैसी कामयाब फ़िल्में शामिल हैं। 'वक़्त' और 'धरमपुत्र' के लिए वो बेहतरीन संवाद लेखन के फ़िल्मफ़ेयर ऐवार्ड से नवाज़े गए। उन्होंने एक फ़िल्म 'लहु पुकारेगा' का डायरेक्शन भी किया, अलबत्ता यह फ़िल्म बॉक्स ऑफिस पर नाकामयाब साबित रही।

अख़्तर-उल-ईमान साल 1943 में अपने पहले ही मज्मूआ-ए-कलाम 'गिर्दाब' के प्रकाशन के साथ ही सफ़-ए-अव्वल के शायरों में शुमार किए जाने लगे थे। इस किताब का तब्सिरा करते हुए फ़िराक़ गोरखपुरी ने लिखा था, ''नये शायरों में सबसे घायल आवाज़ अख़्तर-उल-ईमान की है। उसमें जो चुटीलापन, तल्ख़ी और जो दहक और तेज़ धार है, वो ख़ुद बता देगी कि आज हिंदुस्तान के हस्सास नौजवानों की ज़िंदगी का अलमिया क्या है ?'' अख़्तर-उल-ईमान की नज़्मों के अनेक मजमूए शाया हुए। जिनमें ने से कुछ ख़ास किताबें हैं-'सब रंग', 'तारीक सय्यारा', 'आब-ए-जू', 'यादें', 'बिंत लम्हात', 'नया आहंग', 'सर-ओ-सामाँ', 'ज़मीन ज़मीन' और 'ज़मिस्ताँ सर्द-मेहरी का'। 'इस आबाद ख़राबे में' उनकी आत्मकथा है, तो वहीं 'सबरंग' एक गीति-नाट्य है, जिसमें मज़दूरों के शोषण की प्रतीकात्मक कहानी है। अपनी बेमिसाल तख़्लीकात के लिए अख़्तर-उल-ईमान कई एज़ाज़ और इनामात से भी नवाज़े गए। किताब 'यादें' पर उन्हें साहित्य अकादेमी ऐवार्ड, तो 'बिंत लम्हात' पर उ.प्र. उर्दू अकादेमी और मीर अकादेमी ने उनको इनाम दिया। महाराष्ट्र उर्दू अकादेमी ने किताब 'नया आहंग' को ऐवार्ड दिया। यही नहीं 'सर-ओ-सामाँ' के लिए वो मध्य प्रदेश सरकार के 'इक़बाल सम्मान' से नवाज़े गए। इसी किताब पर उनको दिल्ली उर्दू अकादेमी और ग़ालिब इंस्टीट्यूट ने भी इनामात दिए। शायरी हो, नस्र, तक़रीर हो या फिर इंटरव्यू अख़्तर-उल-ईमान निहायत बेबाकी, सच्चाई और दयानत से अपने ख़यालात का इज़्हार करते थे। समाजवाद पर उनका यक़ीन आख़िर तक क़ायम रहा। अख़्तर-उल-ईमान जब साहित्य अकादेमी का इनाम लेने दिल्ली आए, तो अकादेमी के जानिब से 'इंडिया इंटरनेशनल सेंटर' में उनके ऐज़ाज़ में एक जलसा हुआ। जिसमें क़ौमी मीडिया के नामवर अख़बार नवेस भी आमंत्रित थे। उनमें से एक जर्नलिस्ट ने अख़्तर-उल-ईमान से सवाल किया कि ''दुनिया आज जिस तरह के आशोब (संकट) से दो-चार है, उसका हल उनके नज़्दीक क्या है ?'' जवाब में अख़्तर-उल-ईमान ने कहा कि ''इस सवाल का जवाब एक तवील तक़रीर (लंबे भाषण) से भी दिया जा सकता है, लेकिन मैं सिर्फ़ इतना ही कहूंगा कि इस आशोब को हल करने की चाबी इश्तिराकियत (साम्यवाद) है।''

---

लघुकथा

## आधुनिक मालिक और नौकर

सेठ दीनानाथ को पिछले चार महीने के कठिन प्रयास के बाद यह युवा नौकर प्राप्त हुआ था। जिसने अत्यन्त अल्प समय में ही दुकान का सारा काम सीख लिया था। सौ मीटर कपड़े का थान वह पांच मिनट में नाप लेता था और ग्राहक पटाने की कला में उसे महारथ हासिल थी। सेठ दोपहर का खाना उसे अपने साथ खिलाते थे, जो सेठ के घर से आता था। आज केशव (नौकर) का मूड कुछ उखड़ा हुआ था। उसने सेठ से कहा, ''सेठ जी मेरी मां की तबियत बहुत खराब है आप मुझे दो-तीन दिन की छुट्टी दे दें। ताकि मैं मां का फायदे से इलाज करा सकूं।'' सेठ को लगा तीन दिन में तो उसका लम्बा घाटा हो सकता है। उन्होंने अपने शब्दों में मिसरी घोलते हुए कहा, ''बेटा तुम कोई डॉक्टर तो हो नहीं। मां को दवा लाकर के दे दो और दुकान का काम देखो। आखिर इस दुकान में तुम्हारा भी तो हक है। क्या मैं इसे छाती पर बांधकर ले जाऊंगा। अरे तुम तो मेरे लड़के जैसे हो।'' केशव ने गम्भीरता से कहा, ''सेठ जी मैं आपका लड़का कभी नहीं हो सकता। अगर अपका लड़का होता तो किसी अंग्रेजी स्कूल में आपके बेटे की तरह पढ़ रहा होता। मैं अच्छी तरह जानता हूं कि यदि मैं आपके यहां अधिक दिन तक टिका तो मुझे आपके बाद आपके लड़के की गुलामी करनी होगी। मुझे शब्दों से बहलाने की कोशिश न करें। यदि आप छुट्टी नहीं दे सकते तो मेरा हिसाब कर दें।''

सेठ जी हैरत से किशन का मुंह देख रहे थे।

---

## दीवाली

राम के हिज्र में इक रोज़ भरत ने ये कहा
क़ल्ब-ए-मुज़्तर को शब-ओ-रोज़ नहीं चैन ज़रा

दिल में अरमाँ है कि आ जाएँ वतन में रघुबिर
याद में उन की कलेजे में चुभे हैं नश्तर

कोई भाई से कहे ज़ख़्म-ए-जिगर भर दें मिरा
ख़ाना-ए-दिल को ज़ियारत से मुनव्वर कर दें

राम आएँ तो दिए घी के जलाऊँ घर घर
दीप-माला का समाँ आज दिखाऊँ घर घर

तेग़-ए-फ़ुर्क़त से जिगर पाश हुआ जाता है
दिल ग़म-ए-रंज से पामाल हुआ जाता है

दाग़ हैं मेरे जले दिल पे हज़ारों लाखों
ग़म के नश्तर जो चले दिल पे हज़ारों लाखों

कह रहे थे ये भरत जबकि सिरी-राम आए
धूम दुनिया में मची नूर के बादल छाए

अर्श तक फ़र्श से जय जय की सदा जाती थी
ख़ुर्रमी अश्क हर इक आँख से बरसाती थी

जल्वा-ए-रुख़ से हुआ राम के आलम रौशन
पुर उमीदों के गुलों से हुआ सब का दामन

मोहनी शक्ल जो रघुबिर की नज़र आती थी
आँख ताज़ीम से ख़ल्क़ित की झुकी
जाती थी

मुद्दतों बा%द भरत ने ये नज़ारा देखा
कामयाबी के फ़लक पर था सितारा
चमका

दिल ख़ुशी से कभी पहलू में उछल पड़ता था
हो मुबारक ये कभी मुँह से निकल पड़ता था

■ आफ़ताब रईस पानीपती

## सार समाचार

### पुरानी रंजिश पर बीलाखेड़ी में आधी रात को बदमाशों ने की फायरिंग

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत ग्राम बीलाखेड़ी में पुरानी रंजिश पर घर के आगे बदमाशों द्वारा फायरिंग करने का मामला सामने आया है। मामले में दोनों पक्ष पारदी समुदाय के बताए जाते हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादिया रोमा बाई पत्नि रामकिशोर पारदी निवासी ग्राम बीलाखेड़ी ने गायत्री बाई पारदी एवं सुगन बाई पारदी के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात करीबन 03.30 बजे की बात होगी। हम सब अपने घर पर सो रहे थे। तभी वह लघुशंका को बाहर निकली तो उन्हें पवन पारदी व एहसान पारदी दिखे। जब फरियादिया ने टर्च लगाकर देखा तो उनके हाथों में बंदूकें थी। जिसके बादउन्होंने हवाई फायर कर दिए। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। फायरिंग की आवाज सुनकर उनकी देवरानी गायत्री बाई और सास सुमन बाई पारदी भी बाहर आ गई। जिन्हें देखकर उक्त लोग भाग गये। फरियादिया के अनुसार पवन पारदी व एहसान पारदी से उकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। फिलहाल पुलिस ने फरियादिया की शिकायत पर आरोपियों पर धारा 336, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### चलते ट्रक से 2 दर्जन टायर चोरी

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा थानांतर्गत चलते ट्रक में से दो दर्जन से अधिक नए टायर चोरी होने का मामला सामने आया है। इसके पूर्व चलती कंटेनर से एक दर्जन के करीब एलईडी टीवी चोरी हो चुकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पवन कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह जाट निवासी ग्राम बडपुरा थाना अनूपशहर जिला बुलंदशहर उ.प्र. अपने साथी शंधू ट्रांजलोजिस्टिक प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी के फील्ड आफीशर सैयद जाकिर अली ग्वालियर के साथ पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज कराई। फरियादी के अनुसार गत दिवस वह जेके टायर कम्पनी दामोर ग्वालियर से जेके कम्पनी के कुल 2300 टायर ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीसी 5557 में भरकर गुजरात (बलेवाडा) जा रहा था। गत दिवस रात 03.30 बजे करीब ट्रक कन्टेनर जमीदार हरियाणा राजस्थान होटल के पास हाईवे पर दूसरी गाडी वाले ने बताया कि तुम्हारी ट्रक कन्टेनर का गेट खुला है। तब साईड में खड़ा कर देखा तो उसमें से कुछ टायर कम दिख रहे थे। बाद शंधू ट्रांजलोजिस्टिक प्रा. लि. कंपनी के फील्ड आफीशर सैदय जाकिर अली आये टायर चैक करने पर कुल 27 नग टायर कम निकले। जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति कंटेनर से चोरी कर ले गया है। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात चोर पर अपराध क्रमांक 0193/23 धारा 379 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

### दुकान में घुसकर मारपीट, पति-पत्नी पर मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** धरनावदा थानांतर्गत कर्माखेड़ी रुठियाई में एक कटिंग दुकान संचालक के साथ पुरानी रंजिश पर पति-पत्नी ने मारपीट कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक कुमार सेन ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई कि वह रोजाना की तरह सुबह अपनी कटिंग की दुकान खोलकर साफ सफाई कर बैठा था। तभी मुकेश पुत्र मिश्रीलाल शिवहरे एवं उसकी पत्नी दोनों आए और पुरानी रंजिश पर गाली गलौंच शुरू कर दी। इस दौरान फरियादी ने अपनी शटर गिराकर अंदर चला गया। आरोपी यहीं नहीं रूके उन्होंने शटर खोलकर अंदर घुसकर मारपीट कर दी। वहीं दुकान में भी टूटफूट हुई। फिलहाल पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी पति-पत्नी पर धारा 452, 323, 294, 427, 506, 34 भादवि के तहत मामला दर्ज किया है।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने भाजपा पर लगाया दुष्प्रचार का आरोप, कहा -

# कांग्रेस लाडली बहना योजना को बंद नहीं, नारी सम्मान के रूप और ज्यादा व्यापक करेगी

**गुना, देशबन्धु।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने गुना विधानसभा क्षेत्र के भादौर ग्राम में चुनावी आमसभा को संबोधित किया। दिग्विजय सिंह ने कहाकि 20 सालों से कांग्रेस गुना विधानसभा नहीं जीत पाई है, पार्टी को उम्मीद थी कि वे सिंधियाजी के साथ मिलकर गुना का विकास करेंगे। लेकिन ज्योतिरादित्य ने गांधी परिवार और कांग्रेस को धोखा दिया और भाजपा में शामिल हो गए। जिस पार्टी ने ज्योतिरादित्य और उनके पिता को सबकुछ दिया, उन्होंने उसे ही धोखा दे दिया।



**यहां की जनता ने बनवाया मुझे सीएम :** शाम लगभग लगभग 4 बजे ग्राम भादौर पहुंचे दिग्विजय सिंह ने इस क्षेत्र की प्रशंसा करते हुए अपनी राजनीति के शुरुआती दिन याद करते हुए बताया कि अगर भादौर और आसपास की जनता ने 1977 में उन्हें चुनाव नहीं जिताया होता तो वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाते। वे इस क्षेत्र में रहने वाले परिवारों से व्यक्तिगत रूप से वाकिफ हैं और उनका पारिवारिक नाता है।

दिग्विजय सिंह ने गुना विधानसभा के प्रत्याशी पंकज कनेरिया की प्रशंसा की और जनता से एक शिक्षित उम्मीदवार को जिताने का आव्हान किया। इसके साथ ही पूर्व सीएम ने कांग्रेस ने उन सभी दावेदारों का आभार जताया, जिन्होंने गुना विधानसभा से पार्टी का टिकट मांगा था, लेकिन टिकट नहीं मिलने के बाद अपने-अपने नामांकन वापस लिए। ऐसे सभी दावेदारों के नाम मंच से दिग्विजय सिंह ने लिए। दिग्विजय ने चुनाव में कांग्रेस की एकजुटता को लेकर खुशी जाहिर करते हुए कहाकि चुनाव आने के बाद पार्टी का उम्मीदवार हाथ का पंजा होता है और उन्हें प्रसन्नता है कि अब सभी दावेदार पंकज कनेरिया के समर्थन में काम कर रहे हैं। सभा मे जिलाध्यक्ष मेहरबान सिंह, महावीर पंड्या, मानसिंह परसौदा, विश्वनाथ तिवारी, प्रकाश सिंह धाकड़, गोपाल शर्मा, रजनीश शर्मा, रणबीर कुशवाह, कन्हैयाराम अहिरवार, सुनील रघुवंशी, वीरेंद्र सिंह सिसौदिया, विक्रम तोमर, मनीष रघुवंशी, रविन्द्र रघुवंशी, अनुज रघुवंशी सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

गुना जिले के फतेहगढ़ में आमसभा लेने के बाद शाम को भादौर पहुंचे दिग्विजय सिंह ने भाजपा सरकार पर हमले जारी रखे।

उन्होंने कहाकि भाजपा सरकार में अनुसूचित जाति, गरीब और किसान सहित हर तबके के लोग परेशान हैं। पुलिस थाने से लेकर ब्लॉक स्तर तक लूट मची हुई है। 20 साल शासन करने के बाद भाजपा को लाड़ली बहना याद आई है। यह योजना साल 2003, 2008 और 2013 में भी आ सकती थी। दिग्विजय ने मंच से स्पष्ट किया कि भाजपा यह दुष्प्रचार कर रही है कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद लाड़ली बहना योजना बंद हो जाएगी। जबकि कांग्रेस की सरकार इस योजना के तहत मिलने वाले 1250 रुपए को 1500 रुपए करेगी और 500 रुपए में हर महीने सिलेंडर भी दिया जाएगा। दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि वह गुना विधानसभा क्षेत्र के घर-घर जाकर एक हाथ में भाजपा के भ्रष्टाचार का काला चिट्ठा और दूसरे हाथ में कमलनाथ के 11 संकल्प लेकर पहुंचे।

# आरोन पुलिस ने 3 जगह कार्रवाई कर दबोचे एक दर्जन जुआरी

- चुनावों में व्यस्त पुलिस, दीवाली पर सजे जुआ के फड़

**गुना, देशबन्धु।** एक तरफ जहां पुलिस चुनावी तैयारियों में व्यस्त है। वहीं दूसरी ओर दीवाल के मौके पर जुआरी के फड जिलेभर में जमकर सज रहे हैं। जिले की आरोन पुलिस द्वारा गत रात तीन अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर एक दर्जन के करीब जुआरियों को दबोचा है। इन सभी पुलिस ने 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले मामले में पुलिस को आरोन थानांतर्गत ग्राम खिरियादांगी से मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि राजन के घर के पीछे कुछ लोग बल्व की रोशन में जुआ खेल रहे हैं। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर कमल सिंह पुत्र मिश्रीलाल केवट निवासी मोहनखेड़ी, लखन बेडिया निवासी खिरियादांगी, सोनू पुत्र मिश्रीलाल केवट निवासी मोहनखेड़ी, नीरज पुत्र रामबाबू भार्गव निवासी खिरियादांगी, प्राण सिंह पुत्र लक्ष्मण सिंह दांगी निवासी खिरियादांगी एवं राममूर्ति पुत्र पूरन सिंह दांगी निवासी खिरियादांगी को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों दबोचा। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी एवं 6200 रुपए नगद बरामद किए।

वहीं पुलिस ने दूसरी कार्रवाई आरोन कस्बे के गौड़ मोहल्ले में की। यहां मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर जुआ खेल रहे कृष्णमोहन पुत्र हुकुमचन्द शर्मा, जमीर पुत्र मोहम्मद खान, सोनू पुत्र कल्याण गोस्वामी एवं हेमन्त पुत्र पप्पू श्रीवास्तव निवासी गण गौड मोहल्ला को जुआ खेलते हुए पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी एवं 1750 रुपए नगदी बरामद किए। जबकि तीसरी कार्रवाई मूडराखुर्द तिराहा बायपास रोड आरोन पर की। यहां पुलि को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। जिस पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। यहां पुलिस ने राजू पुत्र मूलचन्द प्रजापति निवासी कुम्हार मोहल्ला, संजीव पुत्र मुन्नालाल अहिरवार निवासी मूडराखुर्द रोड, राजेश पुत्र बनेसिंह अहिरवार निवासी दुबघटा मोहल्ला बायपास रोड आरोन एवं मेहरबान पुत्र केवल केवट निवासी दुबघटा मोहल्ला को जुआ खेलते हुए पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने ताश की गड्डी एवं 980 रुपए नगदी बरामद किए। पुलिस ने सभी जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# गांव-गांव पहुंचकर आप प्रत्याशी ममता ने किया जनसंपर्क



- दिल्ली -पंजाब मॉडल पर मांगें वोट

**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा से आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी ममता मीना द्वारा लगातार क्षेत्र में सघन तूफानी जनसंपर्क किया जा रहा है। गांव-गांव पहुंच रही ममता मीना का ग्रामीण आत्मीय स्वागत कर रहे हैं। इस मौके पर शनिवार को ममता मीना एवं आप कार्यकर्ताओं ने चांचौड़ा विधानसभा के ग्राम नेसखुर्द, गोविंदपुरा, सोनाहेड़ा, सिंगापुर, जोरदा, गोनियावे बड़ी, गोनियावे छोटी, ऊवापान, बड़ी मुरेली, कुंडलपुरा, मनोहरखेड़ी, मुरेला, नयापुरा, छोटी मुरेली, बसनखेड़ी, तिकी, पगाड़ी, रिजामा का पुरा, सारल्या खेड़ी सहित दो दर्जन के करीब गांवों में घर-घर पहुंचकर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर ममता मीना द्वारा क्षेत्र के विकास के लिए दिल्ली-पंजाब मॉडल पर वोट मांगें। इधर चांचौड़ा से आप प्रत्याशी के समर्थन में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं की टुकडियां लगातार क्षेत्र में जनसंपर्क कर रही हैं। जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया। क्षेत्र में आम आदमी पार्टी के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। गांव-गांव पहुंच रही ममता मीना ने ग्रामीण क्षेत्रों में सडक़, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और इनके निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान विभिन्न गांवों के स्थानीय युवाओं ने आम आदमी पार्टी के प्रचार में शामिल होकर प्रदेश की भ्रष्ट व्यवस्था को बदलने की लड़ाई में शामिल होने की इच्छा जताई और उन्होंने बताया कि दिल्ली की केजरीवाल सरकार जो काम कर रही है, वैसा ही काम मध्य प्रदेश में भी होना चाहिए।

इस मौके पर ममता मीना ने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक़, पानी जैसी मूलभूत समस्याएं हैं और किसान तथा गरीब भारी भरकम बिजली बिल से काफी परेशानी है। आज पूरा देश आम आदमी पार्टी के कामों से से परिचित हैं, लोग चाहते हैं कि व्यवस्था में बदलाव होना चाहिए। ममता मीना ने कहा कि इस बार के चुनावों में आम आदमी पार्टी भाजपा-कांग्रेस के भ्रष्ट शासन और लूट के गठजोड़ को खत्म करेगी। इस अवसर पर ममता मीना ने नेसखुर्द, गोविंदपुरा, सोनाहेड़ा में घर-घर जाकर मतदाताओं से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, किसानों की फसल का वाजिब दाम, आदिवासियों की जल, जंगल, जमीन पर अधिकार को लेकर जनता जर्नादन से समर्थन मांगा। अपने प्रचार के दौरान ममता मीना ने क्षेत्र में सुविधायुक्त स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, स्कूलों की हालत, रोजगार जैसे मुद्दों को मतदाताओं को बताकर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए जनता से आप के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

# केन्द्रीय गृह मंत्री शाह कल बीनागंज और राघौगढ़ में करेंगे जनसभा को सम्बोधित




**गुना, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव की दृष्टि से भारतीय जनता पार्टी का वरिष्ठ नेतृत्व 13 नवंबर को प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रवास पर रहेंगे। इसी के अंर्तगत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 13 नवंबर सोमवार को चाचौड़ा विधानसभा के विनागंज एवं राघौगढ़ में भाजपा प्रत्यासी के समर्थन में विशाल जन सभा को संबोधित कर जीत की हुंकार भरेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह 13 नवंबर को दोपहर 1.30 बजे हेलीपेड से बीनागंज आगमन पश्चात केंद्रीय मंत्री श्री शाह चांचौड़ा विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीणा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आग्रह करेंगे। तत्पचात श्री शाह दोपहर 2.30 बजे राघौगढ़ विधानसभा प्रत्यासी हिरेंद्र सिंह बंटी बना के समर्थन में एसबीआई बैंक के सामने राघौगढ़ में विशाल जन सभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्यासियों को जिताने जनता का आशीर्वाद लेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री शाह के आगमन पूर्व तैयारियों को लेकर शनिवार को हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष पूर्व संगठन मंत्री आशुतोष तिवारी, प्रदेश मंत्री लोकेंद्र पाराशर, पूर्व विधायक एवं चाचौड़ा विधानसभा प्रभारी नरेंद्र बिरथरे एवं भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने बीनागंज पहुंच मंडी प्रांगण में आयोजित श्री शाह की विशाल जनसभा स्थल एवं हेलीपेड का निरीक्षण कर कार्यकर्ताओं को व्यवस्था सौंपी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री अमित शाह की राघौगढ़ विधानसभा प्रत्यासी हिरेंद्र सिंह बंटी बना के समर्थन में एसबीआई बैंक के सामने राधौगढ़ में विशाल जन सभा स्थल का निरीक्षण किया और जे पी कालेज में हेलीपेड स्थल का जायजा लिया। इसके साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष श्री सिकरवार ने दोनो विधानसभाओं के कार्यकर्ताओं से घर घर जाकर पीले चावल देकर आमजन को सभा में सम्मिलित होने का आमंत्रण करने का आग्रह किया। इस मौके पर चाचौड़ा विधानसभा प्रभारी गोविंद राठी, संयोजक प्रदीप नाटाणी, राघौगढ़ में जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, संयोजक पवन जैन, राम मोहन चोकसे, अमित शर्मा सहित जिम्मेदार कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर को विकास में नम्बर एक बनाना भाजपा का सपना : गोपाल



**आष्टा, देशबन्धु।** नगर में जो भी विकास नजर आ रहा है वो भाजपा सरकार की ही देन है,आष्टा की पार्वती नदी पर बन रहा 11 करोड़ का पुल,55 करोड़ का बन रहा सीएम राइज स्कूल जैसे एक नही अनेकों करोड़ो के विकास कार्य भाजपा की सरकार में हुए है,भाजपा का सपना है आष्टा को विकास शील नगर बनाना,आपके आशीर्वाद से ही विकास का सपना पूरा होगा ये कहना है भाजपा के प्रत्याशी गोपालसिंह इंजीनियर का जो उन्होंने नगर में जनसंपर्क के दौरान आशीर्वाददाताओ के समक्ष व्यक्त किये। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर नागरिको से द्वार द्वार जा कर जनसंपर्क कर जनता से आशीर्वाद लिया। नागरिको से 17 नवम्बर को भारी तादात में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मे मतदान कर भाजपा को विजय बनाने की अपील की। पुन: भारतीय जनता पार्टी की जीत ही नगर को विकसित और विकासशील नगर बनाने में सहायक होगी। नगर भ्रमण जनसंपर्क के दौरान कार्यकर्ताओ ने केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियां भी बताई और विकास के कार्य भी गिनाये। जनसंपर्क के दौरान योजनाओ का लाभ ले रहे हितग्राहियों से भी मुलाकात की। घर घर जाकर लाडली बहनाओ, लाडली लक्ष्मी बेटियों से भी जनसंपर्क किया ओर उनसे भी आशीर्वाद लिया। लाडली बहनाओ ने घर घर से जीत का आशीर्वाद भाजपा प्रत्याशी को दिया। गोपालसिंह इंजीनियर ने नगर के वरिष्ठ जनों और प्रबुद्ध नागरिको, आम जन मानस से महा जन संपर्क के माध्यम से मुलाकात कर आशिर्वाद प्राप्त किया ।

आष्टा नगर के महा जनसंपर्क में भारतीय जनता पार्टी के सभी पदाधिकारी ,वरिष्ठ नेता गण आष्टा के सभी पार्षद,महिला मोर्चा, सहित सभी मोर्चा एवम सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के सदस्य गण उपस्थित थे ।

# आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार का जनसमर्थन जारी



**आष्टा, देशबन्धु।** आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार अजय परमार अपने समर्थकों के साथ ग्राम गल्लाखेड़ी ,पारदीखेड़ी ,मिर्जापुर ,रूपेटा, रूपाखेड़ा एव अन्य गाँवो में जनसंपर्क किया। ग्राम वासियों ने इस बार भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी अजय परमार को वोट देने का भरोसा दिलाया। इसके साथ ही चन्द्रशेखर आजाद की पार्टी प्रत्याशी अजय परमार का स्वागत कर उनके हाथ को मजबूत बनाने की बातें कही।

# 6024 ने डाक मत पत्रों के माध्यम से किया मताधिकार का प्रयोग



**गुना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न शासकीय अधिकारी/कर्मचारी, पुलिसकर्मी, होमगार्ड, माईक्रो आब्जर्वर चालक, सेक्टर आफीसर, बीएलओ एवं अन्य कर्मचारियों के डाकमत पत्र के माध्यम से 4847 डाकमत पत्र डाले गये। इसी प्रकार वरिष्ठ एवं दिव्यांगनों को भी घर-घर जाकर सहमति के आधार पर डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान कराया गया तथा सर्विस वोटर के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से भी मतदान करने की सुविधा दी गयी है। इस प्रकार गुना जिले में 11 नवम्बर तक कुल 6024 मतदाताओं ने डाक मत पत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। शनिवार तक कुल 4847 शासकीय कर्मियों द्वारा डाक मतों के माध्यम से मतदान किया गया, जिसमें विधानसभा 28-बमोरी के 781, विधानसभा 29-गुना के 2248, विधानसभा 30-चांचौड़ा के 899 एवं विधानसभा 31-राघौगढ़ के 919 द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग किया गया।

इसी प्रकार घर-घर जाकर वरिष्ठ वृद्ध एवं दिव्यांजनों को विधानसभा 28-बमोरी में 138, विधानसभा 29-गुना में 221, विधानसभा 30-चांचौड़ा में 119 एवं विधानसभा 31-राघौगढ़ में 132 सहित कुल 610 मतदाताओं द्वारा मतदान किया गया।

इसी तरह अन्य जिलों को भेजे गये डाक मतपत्र के अनुसार विधानसभा 28-बमोरी में 55, विधानसभा 29-गुना में 108, विधानसभा 30-चांचौड़ा में 118 एवं विधानसभा 31-राघौगढ़ में 75 सहित कुल 356 मतदाताओं ने डाक मत पत्र के माध्यम से मतदान किया।

इसी तरह सर्विस वोटर्स के द्वारा विधानसभा 28-बमोरी में 26, विधानसभा 29-गुना में 115, विधानसभा 30-चांचौड़ा में 41 एवं विधानसभा 31-राघौगढ़ में 29 सहित कुल 211 सर्विस वोटर्स द्वारा डाक मतपत्र का प्रयोग किया गया।

# कांग्रेस ने की वादाखिलाफी : गौतम



**आष्टा, देशबन्धु।** मप्र में 18 साल से कार्यरत भाजपा की सरकार के स्वर्णिम कार्यकाल में सम्पूर्ण मप्र के हर गांव, शहर में विकास की नई इबारत लिखी गई है, कांग्रेस ने किसानों से कर्ज माफी का वादा,किया वो 18 महीने सरकार में रही पर किसानों का 2 लाख का कर्जा माफ नही किया । जो किसानों के साथ धोखा कांग्रेस ने किया, इस चुनाव में मेरे प्रदेश का किसान कांग्रेस के इस धोखे का बदला लेगा और भाजपा को विजय बनाएगा। यह विचार आष्टा के भाजपा प्रत्याशी गोपालसिंह इंजीनियर के चुनाव प्रचार को ओर गति देने हेतु अलीपुर क्षेत्र के चुनाव कार्यालय के उदघाटन अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आष्टा नगर के अलीपुर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1,2,3 के संयुक्त चुनाव कार्यालय के शुभारम्भ अवसर पर पहुंचे राघवेंद्र गौतम, प्रत्याशी गोपालसिंह इंजीनियर सहित सभी वरिष्ठ नेताओं का अलीपुर क्षेत्र के कार्यकर्ताओं, पार्षदों ने सभी का स्वागत, सम्मान किया। कार्यालय के शुभारम्भ अवसर पर बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि,महिला मोर्चे की बहने बड़ी संख्या में उपस्तिथ रही।

# भाजपा सरकार में आदिवासियों पर हुए अत्याचार : सिंह

*आष्टा, देशबन्धु। कांग्रेस उम्मीदवार कमल सिंह चौहान विधानसभा के गांव में सैकड़ो कार्यकर्ता द्वारा जी तोड़ मेहनत कर रहे हैं। उनके साथ सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता और वरिष्ठ नेता साथ चल रहे हैं । कमलसिंह चौहान का मतदाताओ का आर्शीवाद भी भरपूर मिल रहा है। लोग कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे है। कांग्रेस नेता भारतीय जनता पार्टी के 18 साल के शासनकाल के बारे में भी बता रहे हैं कि किस तरह से सरकार ने गरीबों का व्यापारियों का विनाश किया है ।*



*भाजपा सरकार संविधान विरोधी सरकार है। आज बहुत जरूरी हो गया है आने वाली 17 नवंबर को इस सरकार का अंतिम दिन होगा। कांग्रेस प्रत्याशी कमलसिंह चौहान ने कहा कि भाजपा की शिवराज सरकार ने आदिवासीयो के साथ अत्याचार करते हुए उन्हे बाद में हत्या कर जमीन में गाड़ दिया जाता है । यही नही शिवराज सरकार मे उनके कार्यकर्ता ने आदिवासी युवक पर पेशाब तक किया। जिस सरकार में गरीबों के ऊपर पेशाब की जाती है। उनकी बहन बेटीयो के साथ बलात्कार कर उनकी हत्या की जाती है। ऐसी सरकार को प्रदेश हित मे उखाड़कर फेकना जरूरी है। जिस सरकार में कमजोर वर्गों की थाने में हत्या हुई हो जाती है। सरकार के मुखिया के बंगले के पीछे नाबालिक बच्चों के साथ बलात्कार होता है ।जो सरकार 28 लाख करोड रुपए के कर्ज में दबी हुई है ।*

*इस सरकार को मध्य प्रदेश की जनता को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। मध्य प्रदेश में धर्म का राज तथा धर्म की सत्ता लाने के लिए कांग्रेस पार्टी को वोट देना बहुत जरूरी हो जाता है। मध्य प्रदेश में हर समाज हर धर्म के लोग आपस में मिलजुल कर रहे, सभी में भाईचारा हो सभी की तरक्की हो सभी के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करें। सभी के बेटे बेटियों को रोजगार मिले।*

*ऐसा कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने पर होने वाला है कांग्रेस प्रत्याशी यह कहेने में भी संकोच नहीं करते की आष्टा में बाहर से आने वाले सरकारी अधिकारी खाली हाथ आते हैं और वह करोड़ों रुपए कमा कर चले जाते हैं यह सारा पैसा यहां पर किसानों का व्यापारियों तथा कमजोर लोगों का ही होता है। इस पर लगाम लगाना ।*

*ग्राम पंचायत का सही से विकास नहीं होता रहा है जिसका मुख्य कारण सरकार ने ग्राम पंचायत को पैसा ही नहीं दिया। जब से सरपंचों का चुनाव हुआ है कब से आज तक इस सरकार ने ग्राम पंचायत को कोई राशि उपलब्ध नहीं कराई है।*

## सार समाचार

### रेल संपत्ति की हानि एवं जीवन को खतरे से बचाने की अपील

**इटारसी, देशबन्धु।** रेल मंडल भोपाल ने यात्रियों से रेलों की सुरक्षा के लिए ट्रेनों में विस्फोटक और ज्वलनशील पदार्थ लेकर चलने से बचने का आग्रह किया है। रेल प्रशासन ने कहा है कि संरक्षित और सुगम ट्रेन परिचालन के साथ अपने यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचने की दिशा में लगातार काम कर रहा है। चलती गाड़ियों में धूम्रपान करने अथवा विस्फोटक एवं ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा करने वालों के कारण रेल संपत्ति की हानि और सह यात्रियों के जीवन को खतरा उत्पन्न होने की प्रबल संभावना रहती है रेल प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि रेल परिसर एवं गाड़ी के डिब्बों में धूम्रपान न करें और ना ही किसी भी प्रकार के विस्फोटक एवं ज्वलनशील सामग्री के साथ यात्रा करें। इससे आप के साथ-साथ सह यात्रियों का भी जीवन खतरे में पड़ने के साथ ही रेल संपत्ति को भी नुकसान हो सकता है ट्रेनों में ज्वलनशील सामग्री ले जाना रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 164 के तहत दंडनीय अपराध है, जहां अपराधी को रेलवे अधिनियम की धारा 165 के तहत 3 साल तक की जेल या 1,000 रुपये का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

### आतिशबाजी बिजली लाइनों से दूर करें, नहीं तो हो सकता है हादसा

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने नागरिकों से आग्रह किया है कि दीपावली के दौरान आतिशबाजी बिजली के खंभों, केबल बायरों से दूर करें, अन्यथा गंभीर हादसा हो सकता है। कंपनी के नगर प्रबंधक ने दीपोत्सव के दौरान बिजली लाइनों, बिजली उपकरणों, बिजली संसाधनों से आतिशबाजी दूर करने की अपील की है। कंपनी ने कहा कि बिजली तार, केबल, ट्रांसफार्मर आदि के पास या लाइनों के नीचे पटाखे चलाने से हादसा हो सकता है, केबल पिघल सकती है, तार टूट सकते या अन्य परेशानी निर्मित हो सकती है। कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता, आमजन लाइनों, ट्रांसफार्मरों, ग्रिड, केबल से पर्याप्त दूरी पर ही पटाखे चलाए।लाइनों के नीचे विशेषकर अनार, राकेट आदि चलाने से बचा जाए। यह आमजन और बिजली संसाधनों की सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है। बिजली कंपनी की ओर से दीपोत्सव के दौरान अस्थाई विक्रेताओं से भी वैध कनेक्शन लेकर कारोबार करने की अपील भी की गई है, ताकि सुरक्षा का खतरा उत्पन्न न हो।

दीपावली पर्व पर पटाखों के उपयोग के लिए

# निर्धारित मानक संचालक प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित किया जाए : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** दीपावली पर्व के दौरान पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के संबंध में निर्धारित मानक संचालक प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित कराया जाए। कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह ने उक्त निर्देश जिले के समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारियों को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया है कि दीपावली पर्व के दौरान रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक ग्रीन पटाखों का उपयोग वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार किया जाए। पटाखों का प्रस्फोटन अस्पताल, नर्सिंग होम्स, हेल्थ केयर सेंटर, शैक्षणिक संस्थानों, धार्मिक स्थलों आदि से 100 मीटर की दूरी तक प्रतिबंधित रहेगा ।

इस संबंध में कलेक्टर श्री सिंह ने आम लोगो के लिए अपील जारी की है। आमजनो को अवगत कराया गया है कि दीपावली पर्व के दौरान विभिन्न पटाखों का उपयोग बड़ी मात्रा में किया जाता है जिससे वायू प्रदूषण होता है। वायू प्रदूषण को रोकने के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पटाखों के निर्माण, उपयोग, विक्रय, वितरण एवं प्रस्फोटन के संबंध में मानक संचालक प्रक्रिया निर्धारित की गई है जिसके अनुसार ऐसे शहर जहाँ वायू गुणवत्ता खराब है, बहुत खराब अथवा गंभीर श्रेणी में है ऐसे शहरों में सभी प्रकार के पटाखो के बिक्री अथवा उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। वर्तमान में नर्मदापुरम शहर की एक्यूआई 100.68 है जो मध्यम श्रेणी के तहत है अतः हरित पटाखों के अलावा अन्य पटाखें का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा तथा पटाखों का उपयोग रात्रि 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक किया जाए। पटाखों के जलने के उपरांत बचे हुए अवशेष, कागज के टुकड़े एवं अधजली बारूद के संपर्क में आने से पशुओं एवं बच्चों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना रहती है। अतः पटाखो के जलने के उपरांत उत्पन्न कचरे को ऐसे स्थानों पर न फेंका जाए जहाँ पर प्राकृतिक जल स्त्रोत, पेयजल स्त्रोत के प्रदूषित होने की संभावना हो। कलेक्टर श्री सिंह ने आमजनता से अपील की है कि वे सिर्फ हरित पटाखों का उपयोग सीमित मात्रा एवं निर्धारित समयावधि में ही करें।

असम के मुख्यमंत्री ने कहा-

# देश को मोदी की, आपको डॉ. शर्मा की जरूरत



**इटारसी, देशबन्धु।** जी-20 शिखर सम्मेलन हो, पाकिस्तान और चीन को मुंहतोड़ जवाब देने की बात हो या फिर जो अमेरिका हम पर सालों से दबाव बनाता था आज उसके राष्ट्रपति का हमारे प्रधानमंत्री मोदी को गले लगाने का कूटनीतिक-भावनात्मक दृश्य हो। यह सब साकार हुआ है तो सिर्फ एक व्यक्ति के कारण जिनका नाम नरेंद्र मोदी है। कांग्रेस के कई दशकों के शासन में वह सिर्फ कहते थे कि राम मंदिर बनाएंगे लेकिन कभी तारीख नहीं बताते थे, लेकिन नरेंद्र मोदी को आए सिर्फ 10 साल हुए हैं और हमारे रामलला का भव्य मंदिर अयोध्या में बनना प्रारंभ हो गया है। 22 जनवरी को सभी सनातनियों के लिए दूसरी दीपावली मनाने का अवसर है।

नेहरू जी से लेकर आज तक जितने भी कांग्रेस के प्रधानमंत्री हुए हैं उनके कार्यकाल में कोई भी कल्पना नहीं कर सकता था कि वे लोग राम मंदिर बनाएंगे लेकिन नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में यह सपना मूर्त रूप ले रहा है कांग्रेसियों को तो जय जय श्री राम बोलने में भी तकलीफ होती है। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं है जो भारत के खिलाफ कुछ सोच सके पाकिस्तान भी नरेंद्र मोदी के कारण अब आतंकवादी गतिविधि करने के पहले हजार बार सोचता है। अगले 10 सालों में प्रधानमंत्री मोदी भारत को विश्व गुरु बना देंगे। आज इस देश को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जरूरत है। ऐसे ही आपके मध्यप्रदेश और आपके इस नर्मदापुरम क्षेत्र के विकास के लिए आपको भाजपा सरकार और डॉ सीतासरन शर्मा की जरूरत है।

उक्त सभी बातें असम के मुख्यमंत्री, प्रखर वक्ता और भाजपा नेता हिमंत बिस्वा सरमा ने नर्मदापुरम में आयोजित जनसभा के दौरान अपने राष्ट्रवादी उद्बोधन में कही।

सीएम हिमंत यहां भाजपा प्रत्याशी डॉ सीतासरन शर्मा के पक्ष में आम जनता से मतदान का आग्रह करने आए थे। मंच से सीएम हिमंत ने मोदी सरकार एवं शिवराज सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को बारी बारी से जनता को विस्तार से बताया। साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों के चलते आग्रह किया कि नर्मदापुरम इटारसी विधानसभा सीट से डॉ सीतासरन शर्मा को भारी मतों से जिताकर प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनाने में सहयोगी बने। सीएम हिमंत सरमा को सुनने हजारों की संख्या में नागरिक और माता बहनें सभा स्थल पहुंचे थे।

# सिकंदराबाद-बनारस-सिकंदराबाद के मध्य स्पेशल ट्रेन इटारसी होकर चलेगी

**इटारसी, देशबन्धु।** दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 07005/07006 सिकंदराबाद-बनारस-सिकंदराबाद के मध्य स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी। गाड़ी संख्या 07005 सिकंदराबाद-बनारस एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 15 और 22 नवम्बर 2023 बुधवार को सिकंदराबाद स्टेशन से 21.40 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 13.40 बजे इटारसी पहुंचकर, 13.50 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, तीसरे दिन शुक्रवार को 06.30 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी।

इसी प्रकार गाड़ी संख्या 07006 बनारस-सिकंदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन 17 और 24 नवंबर 2023 शुक्रवार को बनारस स्टेशन से 08.35 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन 01.55 बजे इटारसी पहुंचकर, 02.05 बजे इटारसी से प्रस्थान कर, उसी दिन शनिवार को 18.15 बजे सिकंदराबाद स्टेशन पहुंचेगी।

कोच कंपोजीशन : इस गाड़ी में 12 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 02 एसएलआर सहित कुल-18 कोच रहेंगे।

गाड़ी के हाल्ट : यह गाड़ी जनगांव, काजीपेट, पेड्डापल्ली, रामगुंडम, बेलमपल्ली, सिरपुरकागजनगर, नागपुर, इटारसी, पिपरिया,जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी स्टेशनों पर रुकेगी।

# 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाकर कर सकेंगे मतदान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज है परंतु उसके पास किसी वजह से मतदाता परिचय पत्र उपलब्ध नहीं है। तो भी वह मताधिकार का उपयोग कर सकेगा। मतदाता परिचय पत्र के अलावा 12 वैकल्पिक फोटो युक्त दस्तावेज दिखाकर मतदान कर सकेंगे। इसी प्रकार यदि किसी कारण से किसी नागरिक को मतदाता सूचना पर्ची प्राप्त नहीं होती है, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है तो भी वह मतदान कर सकेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में सभी मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी किया जा रहा है। जो मतदाता वोटर आईडी कार्ड प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा। उन्होंने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र,राज्य सरकार,पीएसयू,सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल है।

अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

### जिले में पदस्थ शासकीय कर्मचारी जो अन्य जिले के मतदाता हैं 13 एवं 14 नवंबर को कर सकेंगे मतदान

**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले में कार्यरत शासकीय अधिकारी / कर्मचारी जो अन्य जिलों के मतदाता है तथा जिन्होंने फॉर्म 12 प्रस्तुत किया है, ऐसे अधिकारियों/कर्मचारियों का मतदान जिला स्तर पर दिनांक 13 नवम्बर एवं 14 नवम्बर 2023 को शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज नर्मदापुरम में समय प्रातः 09:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक मतदान कराया जायेगा । उप जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम श्री देवेंद्र कुमार सिंह ने सभी रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया हैं कि विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत ऐसे अधिकारी / कर्मचारी जिन्होने फार्म-12 प्रस्तुत किया है उन्हें उक्त तिथियों पर मतदान करने के लिए अपने स्तर से सूचित करना सुनिश्चित करें।

# बाबई में कांग्रेस को मिल रहा भारी समर्थन, शोभापुर में भाजपा ने की नुक्कड़ सभा



**सोहागपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव पर त्यौहार और खेती किसानी का असर दिखाई दे रहा है, दीपावली आ गई आम जनता त्योहार मनाने में व्यस्त हैं, पुष्पराज पटेल खेत खलियान और घरों के अंदर तक पकड़ बना रहे हैं। इस अवसर को कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पराज पटेल भली भांति भुनाते दिखाई दे रहे हैं, वह आम नागरिकों से गले मिलकर दिवाली की बधाइयां देते हुए आशीर्वाद मांग रहे हैं। बच्चे बूढ़े और युवा उन्हें मिठाई खिलाकर आरती उतार रहे हैं।

विधानसभा के बाबई ग्राम में शनिवार को पुष्पराज ने दौरा किया। माखन नगर के सभी वार्डों में उन्होंने अपने लिए समर्थन मांगा तो दूसरी ओर काजलखेड़ी मुड़ापार ग्रामों में पहुंचे यहां ग्रामीणों से मिले। अपार स्नेह से अभिभूत पुष्पराज ने कहा, मैं आपका सेवक हूं, हमेशा सर झुका कर आया हूं, आपके लिए सदैव खड़ा रहूंगा आमजन की समस्याओं के लिए वह हमेशा तैयार रहते हैं।

आमतौर पर अफरा-तफरी में चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस इस बार बेहद व्यवस्थित तरीके से चुनाव मैदान में है, लोग तो यहां तक कह रही हैं कि प्रबंधन के मामले में कांग्रेस भाजपा से भी एक कदम आगे दिखाई दे रही है। सभी वर्गों को साधने की कोशिश है, आदिवासी ग्राम में सभा करके यह बताने का प्रयास किया गया कि कांग्रेस हमेशा उनके साथ थी हमारे भाई वनवासी नहीं आदिवासी हैं। भाजपा ने इन्हें जंगल से भगाया है, कांग्रेस सरकार ने इन्हें पट्टे दिए जल जंगल जमीन का अधिकार दिया।

**स्वास्थ्य और शिक्षा के लिए काम करेंगे-** कांग्रेस प्रत्याशी श्री पटेल ने कहा कि उनके विधायक निर्वाचित होने और कांग्रेस सरकार बनने पर सोहागपुर विधानसभा में शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए बढ़कर काम करेंगे। भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। सोहागपुर से रेवा बनखेड़ी मार्ग खस्ता हाल पड़ा है, नगर के कॉलेज के सामने वाली रोड अधूरी पड़ी है, लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि जगह-जगह हाईवे पर सड़क खोद डाली गई मुख्य बाजार में जाम लगता है उनको बनाया नहीं जा रहा, पलकमाती नदी साबरमती नदी कब बनेगी किसी को नहीं मालूम है। कांग्रेस प्रत्याशी ने बताया वह मां नर्मदा का पूजन कर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद लेंगे अपने लोगों के बीच दिवाली मनाएंगे।

**स्थानीय और बाहरी का मुद्दा दिखा रखा हावी-** शोभापुर में भाजपा की नुक्कड़ सभा हुई। मंच से भाजपाईयों ने वोद देने की अपील की निर्दलीय प्रत्याशी उमेश मित्तल भाजपा की वोटो में सेंध करने में लगे हुए हैं। वह सबसे अधिक बाबई पर ध्यान देते हुए प्रचार कर रहे हैं। इस बार का चुनाव जाति पर आधारित न होकर स्थानीय बेटे को जिताने का होता दिखाई दे रहा है। कहीं न कहीं स्थानीय बनाम बाहरी की लड़ाई में स्थानीय मुद्दा हावी होता दिखाई दे रहा है। आम नागरिक भाजपा के प्रत्याशी से नहीं उनके समर्थकों का विरोध करती दिखाई दे रही हैं। आम ग्रामीणों का कहना है कुछ लोगों ने अपने निजी स्वार्थ के चलते विधायक की छवि को नुकसान पहुंचाया है। शोभापुर मैं कुछ लोग विधायक बनकर बैठे हैं, उनके बिना कोई काम नहीं होता भाजपा को 20 वर्ष सत्ता में हो गए अब परिवर्तन होना चाहिए।

# दीपावली पर्व मनाया, बुजुर्गों के साथ बांटी खुशियां



**इटारसी, देशबन्धु।** न्यू क्रिएशन कोचिंग एंड एसएस स्पोकन इंग्लिश क्लास एवं नई दृष्टि एनजीओ की पहल में बच्चों ने दीपावली का पर्व मनाया। कोचिंग एवं एनजीओ संचालक श्रीमती वर्जीनिया सागर भेरूआ, मैनजमेंट संचालक आलोक डेनियल सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा। संचालक ने बच्चों को दीवाली का महत्व बताया, साथ ही बड़ों के आशीर्वाद के साथ दीपावली मनाने के लिए वृद्धाश्रम पहुंचे और बुजुर्गों के साथ पर्व की खुशियां मनायी।

### उधना-मुजफ्फरपुर-उधना के मध्य स्पेशल ट्रेन इटारसी होकर जाएगी

इटारसी। त्योहारी सीजन, दीपावली एवं छठ पर्व के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए उधना-मुजफ्फरपुर-उधना के मध्य तीन-तीन ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।गाड़ी संख्या 09013 उधना - मुजफ्फरपुर स्पेशल ट्रेन 11, 18 एवं 25 नवम्बर 2023 को उधना स्टेशन से रात्रि 22:10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन इटारसी 08:20 बजे, जबलपुर 12:50 बजे, कटनी 14:35 बजे, सतना 16:20 बजे और तीसरे दिन भोर 04:30 बजे मुजफ्फरपुर स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09014 मुजफ्फरपुर - उधना स्पेशल ट्रेन दिनांक 13, 20 एवं 27 नवम्बर 2023 को मुजफ्फरपुर स्टेशन से सुबह 08:00 बजे प्रस्थान कर, सतना 22:20 बजे, कटनी 23:35 बजे पहुंचकर दूसरे दिन जबलपुर 01:30 बजे, इटारसी 05:30 बजे और सायं 17:00 बजे उधना स्टेशन पहुंचेगी।

# सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों से मिलने पहुंचे कलेक्टर-एसपी

**बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**



**नर्मदापुरम, देशबन्धु।** जिले की तहसील माखननगर के ग्राम बुधवाड़ा में शनिवार को हुई सड़क दुर्घटना में घायलों से मिलने कलेक्टर नीरज कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक डॉक्टर गुरकरण सिंह जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों से चर्चा कर सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि ग्राम बुधवाडा में हुई सड़क दुर्घटना में 10 व्यक्ति घायल हुए, जिनमें से 6 व्यक्ति का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय श्री सुधीर विजयवर्गीय, डॉ सुनील जैन सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुरुकुल के बच्चों को दीपावली के लिए उपहार भेंट किये



**इटारसी।** महर्षि दयानंद गुरुकुल आश्रम जमानी में अध्ययनरत बच्चों को दीपावली मनाने के लिए इटारसी के कुछ समाजसेवियों ने पहुंचकर त्योहार के लिए पटाखे, मिष्ठान, फल सहित पूजन सामग्री भेंट की। इस अवसर पर गुरुकुल के आचार्य सत्यप्रिय ने दीवाली से जुड़े महर्षि दयानंद सरस्वती के संस्मरण सुनाये।गुरुकुल आश्रम के बच्चों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया। बच्चों को फल वितरित किये और दीप पर्व की शुभकामनाएं दी गईं। आचार्य राहुल ने जीवन जीने के तरीके पर आधारित मधुर भजन सुनाया। गुरुकुल के बच्चों ने भी ईश्वर की आराधना से जुड़ा भजन प्रस्तुत किया। आश्रम की ओर से बालकृष्ण मालवीय ने सभी का आभार व्यक्त किया।


## VEHICLES / MACHINERY AUCTION NOTICE

**Onlene / offline bids are invited for the sale of the following vehicles / machinery.**

| Deal No | Asset class | Asset Make / Model | Year of Manufacture | Registration No | Engine No | Chasiss No | Parked at - Yard Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| BS01738T | Tractor | SWARAJ 960 FE GXDCR(PS)DFC 55 HP | 2021 | MP11AE5998 | SZL17184 | MBNBL55AAJCM11253 | DHAR |
| IBS02249T | Tractor | EICHER 485DI 45HP | 2022 | | 532127000000 | 932112000000 | SEHORE |
| IBH01367T | Tractor | NEW HOLLAND 3600 50HP TRACTOR | 2020 | | 275037DX | NHH36000ZKK489111 | BABAI HOSANGABAD |
| IBH01577T | Tractor | SWARAJ 855 XMGXR(PS) DCRPS540D | 2018 | MP05AH8914 | 475004SZL17371 | MBNBF55AAJCL63508 | BABAI HOSANGABAD |
| IBH01591T | Tractor | SONALIKA SOLIS 4215 2WD 43 HP | 2021 | MP05AJ7911 | 3102NS14B1019995F33 | MXRDR1025727S3 | HOSANGABAD |
| IBH01812T | Tractor | SONALIKA SOLIS 4215 2WD 43 HP | 2022 | | 3102FLU14J1117253F19 | KXRDR1124129S3 | HARDA |
| IBH01900T | Tractor | EICHER 485DI 45HP | 2022 | | 531127000000 | 931112000000 | HARDA |
| IBH02104T | Tractor | SONALIKA DI 50RX OIB PS MULTISPED SHUTLE | 2022 | MP05ZB4868 | 3105NH24H1198900F29 | JZGDJ1208090S3 | HARDA |
| IBH02110T | Tractor | EICHER 551 PRIMA G3 49HP | 2022 | | 531627000000 | 931615000000 | HOSANGABAD |
| IBH02176T | Tractor | VST SHAKTI 9045 DI VIRAAJ XT 45 HP | 2022 | MP05ZB0281 | 3H21252120427 | BLJTCD000639 | HOSANGABAD |
| IBU01129T | Tractor | SONALIKA SOLIS 5015 2WD 50 HP | 2021 | MP48AA8695 | 3105NH25C041087F29 | AXTDR1046788S3 | BETUL |
| IBU01238T | Tractor | SONALIKA SOLIS 5015 2WD 50 HP | 2021 | MP48AA8691 | 3105NH14D14D1045930F29 | GXTDR1051963S3 | BETUL |
| IBU01348T | Tractor | MF7250POWERUPSJ327 14.9*28PS RMB VALV858 | 2021 | MP48AA9506 | S3255L80616 | MEABAF99FM2370331 | BETUL |
| IBU01659T | Tractor | SONALIKA DI 50RX OIB PS MULTISPED SHUTLE | 2022 | | 3105NH24H1205062F29 | JZGDJ1213304S3 | BETUL |
| IBU01689T | Tractor | SONALIKA SOLIS 4415 2WD 45 HP | 2022 | | 3102NL24F1181084F33 | HVRDJ1191821S 3 | BETUL |
| IBU01908T | Tractor | SONALIKA SOLIS 4415 2WD 45 HP | 2023 | | 3102NL24G1185818F33 | EVRDJ1195539S3 | BETUL |
| IBU01918T | Tractor | ESCORTS PT EURO 50 | 2019 | MP11AE8270 | E2460871 | T052454187KH | BETUL |
| IIH00691T | Tractor | MAHINDRA ARJUN 605 DI - PS NOVO | 2015 | MP47AG8252 | N9MA00142 | N9MA00142 | HARDA |
| IIH00777T | Tractor | SONALIKA DI 50 RXOIB PS | 2022 | MP47ZA1157 | 3105NH24H1205052F29 | JXADJ1213286S3 | HARDA |
| JCP00522T | Tractor | SONALIKA DI 50RX OIB PS MULTISPED SHUTLE | 2022 | | 3105NH14K1123448F29 | CXADR1129952S3 | BABAI HOSANGABAD |
| JCP00569T | Tractor | SWARAJ 735 FE PX 35HP | 2022 | | CJ1353SEE07332 | MBNAK49AHNTF12789 | BABAI HOSANGABAD |
| JCP00630T | Tractor | ESCORTS PT EURO 47 POWER HOUSE 50HP | 2022 | | E3703300 | T053622964GL | BABAI HOSANGABAD |
| JCP00656T | Tractor | ESCORTS FT-45 CLASSIC EPI PRO 48HP | 2023 | | E2607160 | T052616023GL | BABAI HOSANGABAD |
| JCP00689T | Tractor | SONALIKA DI 47 RX HEAVY DUTY OIB | 2022 | MP05ZB5063 | 3105ELU24I1211869F20 | DZVDJ1220673S3 | BABAI HOSANGABAD |

For any queries or inspection of the vehicles, plase contact - Indusind Bank Ltd.,Vehicle Finance Division (TFE)

Kwality Business Center, Plot No 07,M.P. Nagar Zone-2,Bhopal 462011,Mob. 7448806136,9340828306,9977724614

